


# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 74 | कोरबा, रविवार , दिनांक 14 दिसम्बर 2025 डाक 15 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



**विविधा**
बीजेपी मुख्यालय में तिरुवनंतपुरम कॉर्पोरेशन चुनावों में पार्टी की जीत के बाद केरल बीजेपी अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाया।





**देश-विदेश**
बांग्लादेश में चुनाव से पहले भड़की हिंसा नकेल कसने के लिए ऑपरेशन डेविल हंट-2





**फीचर पेज**
केले से बनते हैं ये 5 बेहतरीन मीठे व्यंजन एक बार खाएंगे तो बार-बार बनाएंगे




## ममता बनर्जी को गिरफ्तार करो...

# मेसी के इवेंट में हुए बवाल पर असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा का बड़ा बयान



**कोलकाता, 14 दिसम्बर [एजेंसी]।**

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में मशहूर फुटबॉलर लियोनेल मेसी की एक झलक पाने को बेताब फैंस ने उनके जाते ही टेबल-कुर्सी तोड़ना शुरू कर दिया। महंगी टिकट खरीदने के बावजूद उन्हें मेसी को देखने तक का मौका नहीं मिला और इसकी वजह थी कथित VIP कल्चर। इसे लेकर सियासी पारा भी चढ़ने लगा है। इसे लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने ममता सरकार पर निशाना साधा है।

हिमंता बिस्वा सरमा ने ममता बनर्जी की गिरफ्तारी की मांग की है। उनका कहना है कि ममता सरकार भीड़ को नियंत्रण करने में नाकामयाब साबित हुई है। अधिकारियों से घिरे होने के कारण भारी संख्या में जुटे लोग उन्हें देख तक नहीं सके। हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा, जुबीन गर्ग की मौत के बाद गुवाहाटी की सड़कों पर 3 दिन तक 10 करोड़ से भी ज्यादा लोग मौजूद थे, लेकिन कोई गड़बड़ नहीं हुई। सबकुछ शांति से खत्म हुआ। लगभग 50 हजार लोग अंतिम संस्कार में गए थे, लेकिन कोई हादसा नहीं हुआ। मुंबई में महिला विश्व कप फाइनल के दौरान भी सबकुछ शांति से संपन्न हुआ, लेकिन बंगाल एक ऐसा राज्य है, जहां कुछ भी कहा नहीं जा सकता है। वहां VIP कल्चर काफी ज्यादा है। पश्चिम बंगाल की गृह मंत्री, जो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ही हैं और कोलकाता पुलिस के कमिश्नर को गिरफ्तार कर लेना चाहिए। कोलकाता में जो कुछ भी हुआ, उसकी पूरी जिम्मेदारी गृह मंत्री और पुलिस कमिश्नर की है। हिमंता बिस्वा सरमा ने आगे कहा, मेसी पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा हैं। ममता बनर्जी को खुद का निरीक्षण करने की जरूरत है। बंगाल में हर दिन लोगों पर अत्याचार होता है। यह चिंता का विषय है।

विश्व कप विजेता फुटबॉलर लियोनेल मेसी को देखने के लिए कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में भारी भीड़ जुटी थी। सभी दर्शक हजारों रुपये का टिकट खीदकर स्टेडियम में पहुंचे थे। मगर, 20 मिनट की विजिट के दौरान मेसी को अधिकारियों और नेताओं ने घेर रखा था, जिसके कारण लोगों को मेसी की एक झलक तक देखने को नहीं मिली। मेसी के जाते ही लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने प्लास्टिक की बोतलों और कुर्सियों को पिच पर फेंकना शुरू कर दिया। भीड़ पर काबू पाने के लिए पुलिस ने बल का सहारा लिया। पश्चिम बंगाल के गवर्नर सीवी आनंद बोस ने बाद में बताया कि इवेंट के आयोजनकर्ता को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# कोहरे का कहर चरखी-दादरी में स्कूल बस रोडवेज से टकराई झज्जर में दो बसों में जोरदार भिड़ंत, एक चालक गंभीर

**झज्जर, 14 दिसम्बर [एजेंसी]।**

हरियाणा हरियाणा के कई जिलों में सर्दी के मौसम की पहली घनी धुंध ने रविवार को जोरदार दस्तक दी। सुबह से ही कोहरे की मोटी चादर छाने से दृश्यता बेहद कम हो गई। चरखी-दादरी में रविवार सुबह घने कोहरे ने एक बार फिर कहर बरपाया। कालियावास मोड़ के पास कम दृश्यता के कारण कई वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में एक स्कूली वैन या बस भी शामिल थी, जिसमें कई बच्चे सवार थे। राहत की बात यह रही कि सभी बच्चे सुरक्षित हैं और उन्हें मामूली चोटें आई हैं। वहीं, हिसार में सर्दी की पहली घनी धुंध ने रविवार सुबह कहर बरपाया। नेशनल हाईवे-52 पर धिकताना मोड़ के पास कम दृश्यता के कारण कई वाहन एक के बाद एक आपस में टकरा गए। इस हादसे में वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा। रोहतक और सांपला क्षेत्र में सुबह करीब 10 बजे तक कोहरा छाया रहा, जबकि शाम 5 बजे के बाद फिर से धुंध लौट आई। वाहन चालकों ने बताया कि सड़कों पर सफर करना मुश्किल हो गया। मौसम विभाग के अनुसार, अधिकतम तापमान 24.2 डिग्री और न्यूनतम 12.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह मौसम गेहूं की फसल के लिए लाभदायक है, लेकिन बारिश की कोई संभावना नहीं है।



सोनीपत जिले में लगातार दूसरे दिन घने कोहरे ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। दृश्यता 5 मीटर तक कम होने से नेशनल हाईवे-44, कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे सहित प्रमुख सड़कों पर वाहन कतारबद्ध होकर चले। कई चालकों ने सुरक्षा के लिए गाड़ियां सड़क किनारे रोक दीं। डीसीपी ट्रैफिक ने वाहन चालकों से सतर्कता बरतने की अपील की।

## भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने दिल्ली में कांग्रेस की रैली को ड्रामा बताया



**नई दिल्ली 14 दिसम्बर ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने दिल्ली में रविवार को होने वाली कांग्रेस पार्टी की रैली को ड्रामा करार दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक फेल पार्टी है और उसके नेता राजनीतिक तौर पर पूरी तरह नाकाम हैं। भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि राहुल गांधी रैली करेंगे और अगले दिन विदेश के लिए चले जाएंगे। गांधी परिवार इसी तरह की राजनीति करता है, और कांग्रेस में अन्य नेता दरबारी की भूमिका में हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी और उसके नेता नौटंकी करते हैं। रविवार को वे दिल्ली के रामलीला मैदान में एक बहुत बड़ा ड्रामा करने जा रहे हैं। मुझे समझ नहीं आता कि यह ड्रामा क्यों जरूरी है, क्योंकि वोट चोरी के बारे में वे जो दावे कर रहे हैं, उन्हें पहले ही संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने गलत साबित कर दिया है। अमित शाह ने राहुल गांधी के झूठे नैरेटिव का पर्दाफाश किया।

इसी बीच, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हालिया टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, ममता बनर्जी को जब दिख रहा है कि पश्चिम बंगाल में सत्ता उनके हाथ से निकल रही है, तो वह अपनी सत्ता बचाने के लिए कुछ भी करेंगी। वह डर भी फैलाएंगी। हमने पश्चिम बंगाल में सब कुछ देखा है, खासकर जिस तरह की राजनीति वह एक खास वर्ग पर फोकस करके करती हैं।

## हजार करोड़ की धोखाधड़ी का चीन कनेक्शन, 111 फर्जी कंपनियों का पर्दाफाश! सीबीआई चार्जशीट में बड़ा खुलासा



**नई दिल्ली 14 दिसम्बर।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 17 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। इनमें चार चीनी नागरिक भी शामिल हैं। इसके अलावा आरोपपत्र में 58 कंपनियों को भी आरोपी बनाया गया है। ये सभी कथित तौर पर साइबर धोखाधड़ी वाले एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े थे। इन पर मुखौटा (शेल) कंपनियां बनाकर और ऑनलाइन एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस साइबर धोखाधड़ी वाले नेटवर्क का अक्तूबर में भंडाफोड़ हुआ। जांचकर्ताओं ने एक संगठित नेटवर्क का पता लगया, जो विभिन्न प्रकार की धोखाधड़ी करता था। इसमें गुमराह करके ऋण के लिए आवेदन, फर्जी निवेश योजनाएं, पोंजी और कई स्तर के मार्केटिंग मॉटल, नकली पार्टी टाइम नौकरी की पेशकर और ऑनलाइन गेम के जरिये धोखाधड़ी शामिल थे। जांच एजेंसी की अंतिम रिपोर्ट के मुताबिक, इस समूह ने अवैध धन को 111 शेल कंपनियों के जरिये अलग-अलग खातों में रखा और म्यूल खातों के माध्यम से लगभग 1,000 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए। इनमें से एक खाते में ही थोड़े समय में 152 करोड़ रुपये आए।

सीबीआई ने कहा कि शेल कंपनियां नकली निदेशकों, फर्जी या गुमराह करने वाले दस्तावेज, फर्जी पते और व्यवसायिक उद्देश्यों के झूठे विवरण का उपयोग करके बनाई गई थीं। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि इन शेल कंपनियों का इस्तेमाल बैंक खाते और पेमेंट गेटवे खाते (उदाहरण के लिए यूपीआई, फोन पे आदि) खोलने के लिए किया गया। इसके जरिये अपराध से कमाए गए पैसे को जल्दी-जल्दी अलग-अलग खातों में घुमाया गया और दूसरी जगह भेज दिया गया, ताकि उसका असली स्रोत छिपाया जा सके। जांचकर्ताओं ने पाया कि यह धोखाधड़ी 2020 में कोरोना महामारी के दौरान शुरू हुई थी।






**कोरबा।** प्रदेश के वाणिज्य और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने माना विमानतल पर छत्तीसगढ़ प्रवास पर आये केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आत्मीय स्वागत किया. ज्ञात हो की श्री शाह बस्तर ओलम्पिक के समापन समारोह में शामिल होने छत्तीसगढ़ प्रवास पर आये है.



## ह्यूमन राइट्स डे पर साकेत को 'ग्लोबल ह्यूमैनिटेरियन एक्सीलेंस अवॉर्ड' से किया गया सम्मानित

**कोरबा** समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय कोरबा निवासी साकेत शर्मा को 10 दिसंबर ह्यूमन राइट्स डे के अवसर पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। भारत की राजधानी नई दिल्ली स्थित लोधी रोड ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह में ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ ह्यूमन राइट्स द्वारा उन्हें 'ग्लोबल ह्यूमैनिटेरियन एक्सीलेंस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें राष्ट्र और समाज के प्रति उनके सतत योगदान, कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय सेवा कार्यों को देखते हुए प्रदान किया गया।

इस अवसर पर साकेत शर्मा ने इसे अपने जीवन की अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत नहीं, बल्कि उन सभी सहयोगियों, साथियों और वरिष्ठजनों का है, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से वे समाज सेवा के पथ पर निरंतर आगे बढ़ सके। उन्होंने ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ ह्यूमन राइट्स के संस्थापक एवं समस्त सदस्यों के प्रति भी हार्दिक आभार व्यक्त किया और विश्वास जताया कि भविष्य में भी वे मानवाधिकारों और समाजहित के कार्यों में पूरे समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे।



## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत कोरबा एवं कटघोरा जनपद में एक दिवसीय कार्यशाला हुई संपन्न

**कोरबा।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समाज में जन-जागरूकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कोरबा एवं कटघोरा जनपद में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला कलेक्टर सह अध्यक्ष, जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति अजीत वसंत के निर्देशानुसार तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिनेश नाग एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बसंत मिंज के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग एवं एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में बाल विवाह प्रतिषेध विषय पर गहन एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्र में एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के प्रतिनिधि विजय प्रताप द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की प्रमुख धाराओं, कानूनी प्रावधानों, दायित्वों एवं रोकथाम की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला के दौरान कोरबा एवं कटघोरा जनपद के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्राम पंचायत सचिवों को बाल विवाह न करने एवं न होने देने की शपथ दिलाई गई। कटघोरा जनपद में जनपद सीईओ यशपाल सिंह तथा कोरबा जनपद में जनपद सीईओ खगेश कुमार निर्मलकर द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिवों को कानूनी जिम्मेदारियों के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने का भी संकल्प दिलाया गया।

कार्यशाला में सहायक जनपद सीईओ कोरबा, परियोजना अधिकारी सह बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी कोरबा एवं कटघोरा, सेक्टर पर्यवेक्षक सह बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव सह बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी दया दास महंत, धर्मगुरु, सेवा प्रदाता, चाइल्डलाइन 1098 टीम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विस्थापितों के हक की लड़ाई तेज करेगा मूलनिवासी संघ



**कोरबा ।** मूलनिवासी संघ की कोरबा इकाई ने 13 दिसंबर को ग्राम झाबर में एसईसीएल (साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड) द्वारा प्रभावित भू-विस्थापितों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। उक्त बैठक में मुख्य रूप से कोयलांचल क्षेत्र के मूलनिवासी भू-विस्थापितों की समस्याओं पर चर्चा की गई। लंबे समय से एसईसीएल द्वारा खदान विस्तार हेतु जमीन अर्जन के बावजूद, मूलनिवासी रोजगार, उचित मुआवजा, और बसाहट के लिए भटक रहे हैं। संघ ने आरोप लगाते हुए आगे कहा कि राजनीतिक प्रतिनिधि जमीन अर्जन से पहले झूठे वादे करके मूलनिवासियों को छला जाता है और बाद में एसईसीएल के पक्ष में खड़े हो जाते हैं, जिससे भू-विस्थापित अपने हक/अधिकार से वंचित रह जाते हैं। वर्षों पुरानी समस्याओं के निराकरण के लिए मूलनिवासी संघ (एक गैर-राजनीतिक, पंजीकृत सामाजिक संगठन) ने विशेष पहल की है। संघ भू-विस्थापितों को संगठित कर संवैधानिक तरीके से उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करने हेतु जागरूक कर रहा है। संघ का मानना है कि वर्तमान में हक अधिकार पाने के लिए भारतीय संविधान के निर्धारित मार्गों पर चलना ही एकमात्र सही तरीका है। प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत पटेल ने कहा कि हक की लड़ाई और तेज की जाएगी। जरूरत पड़ने पर मामलों को सिविल कोर्ट, हाई कोर्ट, और सुप्रीम कोर्ट तक ले जाया जाएगा। उन्होंने मलगांव घोटाले का भी जिक्र किया, जिसने प्रदेश मीडिया में सुर्खियां बटोरी थीं।

# सरगबुंदिया के पास ट्रेन से गौवंश की मौत, विलंब से पहुंची लिंक एक्सप्रेस





**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कोरबा-चंपा रेल सेक्शन में शनिवार को सरगबुंदिया स्टेशन के आगे एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक गाय और उसके बछड़े की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। इस घटना के कारण लिंक एक्सप्रेस को काफी देर तक मौके पर रोका गया, जिससे ट्रेन लगभग एक घंटे विलंब से बिलासपुर पहुंची।

कोरबा से होकर दक्षिण भारत के विशाखापट्टनम के लिए चलने वाली लिंक एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय 4:10 बजे कोरबा स्टेशन से रवाना हुई थी। ट्रेन अभी लगभग 20 किलोमीटर की दूरी ही तय कर पाई थी कि सरगबुंदिया स्टेशन से आगे यह हादसा हो गया। ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों के अनुसार, रेलवे ट्रैक के पास मौजूद एक गाय और उसका बछड़ा अचानक ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका और स्टेशन प्रबंधन व जीआरपी को सूचित किया। मौके पर पहुंची टीम द्वारा मृत गोवंश को ट्रैक से हटाए जाने के बाद ही ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया।इस हादसे के चलते लिंक एक्सप्रेस लगभग एक घंटे की देरी से बिलासपुर पहुंची। विलंब के कारण कई यात्रियों की कनेक्टिंग ट्रेनें छूट गईं, वहीं अनेक यात्रियों के कामकाज भी प्रभावित हुए।

## डॉ. राजीव सिंह को रायपुर संभाग के सह प्रभारी बनाये जाने पर भाजपाईयों ने किया जोरदार स्वागत



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी कोरबा जिला के निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह को रायपुर संभाग का सह प्रभारी बनाए जाने पर शनिवार को कोरबा जिले में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी , महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत सहित जिलेभर के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ. राजीव सिंह जी का भव्य व जोरदार स्वागत किया गया।

डॉ. राजीव सिंह का स्वागत पाली से लेकर कटघोरा, दर्री, सीएसईबी चौक होते हुए भाजपा जिला कार्यालय तक जगह-जगह पुष्पवर्षा, फूलमालाओं और नारों के साथ किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. राजीव सिंह ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। रायपुर संभाग की जिम्मेदारी संगठन ने जिस विश्वास के साथ सौंपी है, उस पर वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरे उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा और अनुशासन ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है।

वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि प्रदेश संगठन द्वारा डॉ. राजीव सिंह जी को रायपुर संभाग का सह प्रभारी जैसे महत्वपूर्ण दायित्व सौंपना उनके अनुभव, संगठनात्मक कौशल और समर्पण का सम्मान है। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ. राजीव सिंह जी के मार्गदर्शन से संगठन को नई ऊर्जा और नई दिशा मिलेगी। साथ ही ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य और सफल कार्यकाल की कामना की।

इस अवसर पर एम.आई.सी. सदस्य हितानंद अग्रवाल, जिला महामंत्री संजय शर्मा, अजय विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष योगेश जैन, लक्की नंदा, सह कोषाध्यक्ष नवीन अरोड़ा, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन गुप्ता, सह मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र यादव, जिला आईटी सेल संयोजक अजय चन्द्रा, अमीलाल चौहान, प्रदीप सिंह, उदय श्रीवास्तव, दीपक चावड़ा, सूरज पांडेय, उत्तम जायसवाल, प्रकाश अग्रवाल सहित जिलेभर से आए सभी मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी और कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# तिहरे मर्डर केस में बैगा सहित 6 आरोपी गिरफ्तार

### पुलिस ने कहा- जांच प्रक्रिया के लिए रिमांड पर लेंगे



**कोरबा।** पुलिस में ट्रिपल मर्डर कांड में 24 वर्षीय तांत्रिक आशीष दास सहित उसके सहयोगी राजेंद्र जोगी, केशव सूर्यवंशी, अश्वनी कुर्रे, संजय दास और भगवत प्रसाद को गिरफ्तार किया है। 5 लाख को ढाई करोड़ में बदलने का लालच और अंधविश्वास तीन लोगों की हत्या का कारण बन गया। पुलिस अधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी । उन्होंने बताया कि जरूरत पड़ने पर आरोपियों को रिमांड पर लेकर आगे पूछताछ की जाएगी। 10 दिसंबर की रात उरगा पुलिस थाना क्षेत्र के कुदरी बरबसपुर स्थित यार्ड में यह घटना हुई थी। मौके पर 5 लाख रूपों को ढाई करोड़ में बदलने के लिए तांत्रिक प्रक्रिया की जा रही थी। इसके लिए बिलासपुर के बैग आशीष दास की सेवाएं ली गई। एडिशनल एसपी नीतिश ठाकुर और सीएसपी भूषण एक्का ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया की लालच और अंधविश्वास के चक्कर में अशरफ मेमन, सुरेश साहू और नीतीश रात्रि की जान चली गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि थोड़े धन से ज्यादा धन प्राप्त करने के इस प्रोजेक्ट में मृतक नीतीश का संपर्क बैगा से हुआ था। बाद में संजय दास भी इसमें जुड़ा। घटना वाली रात यह सभी आरोपी मौके पर थे। पुलिस ने बताया कि तांत्रिक के कहने पर उसके सहयोगियों ने मृतकों के गले पर रस्सी डाली और उसे खींचा जिससे उनकी मौत हो गई। मर्ग इंटीमेशन के आधार पर हत्या का अपराध दर्ज किया गया है। फिलहाल आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। सीडीआर और अन्य एंगल से मामले की जांच की जा रही है। निश्चित रूप से जरूरत पड़ी तो आरोपियों को आगे रिमांड पर लेंगे। स्क्रैप कारोबारी अशरफ मेमन के अलावा सुरेश साहू और नीतीश राट्रे की हत्या करने के मामले में पुलिस ने बेगॉ और उसके सहयोगियों पर अपराध दर्ज किया है। अभी तक की बातों से यही लग रहा है कि अंधविश्वास और लालच के कारण तीन लोगों की जान चली गई। जबकि मृत्यु के परिजन लगातार इस पूरे मामले में साजिश की आशंका जता रहे हैं। देखना होगा कि आगे ऐसा कोई सच या कोई तथ्य उजागर होता है या नहीं।

## खदान कर्मी की सड़क हादसे में हुई मृत्यु

**कोरबा** कोरबा-चांपा मार्ग अंतर्गत उरगा थाना क्षेत्र के तरदा मुख्य मार्ग में एक सड़क हादसे में मानिकपुर खदान के एक कर्मी की मृत्यु हो गई, जबकि उसका साथी मामूली रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पंचनामा कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जांजगीर-चम्पा जिले के पंतोरा स्थित ग्राम बुढ़ना निवासी 23 वर्षीय रवि शंकर यादव अपने एक साथी के साथ मानिकपुर खदान से काम कर घर लौट रहे थे। तरदा के पास उनकी बाइक सड़क पर खड़े एक ब्रेकडाउन हाईवे वाहन से टकरा गई। दोनों युवक हाईवे के पहिए के नीचे आ गए और बेहोश हो गए। राहगीरों ने उन्हें तत्काल कोरबा के जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सालय में चिकित्सक ने रवि शंकर यादव को मृत घोषित कर दिया। वहीं, उसके साथी को मामूली चोटें आईं और वह होश में आ गया। घायल साथी ने पुलिस को बताया कि वह बाइक चला रहा था और रवि शंकर पीछे बैठा था। सामने से आ रही एक कार से बचने के प्रयास में उनकी बाइक सड़क पर खड़े वाहन से टकरा गई जानकारी के अनुसार रवि शंकर यादव और उसका साथी मानिकपुर खदान में एक निजी कंपनी में काम करते थे। रवि शंकर वाहन चालक के पद पर कार्यरत था। मृतक के पिता ने बताया कि वह उनके दो बेटों में सबसे बड़ा था और घर का मुख्य कमाने वाला सदस्य था। उन्हें फोन पर बेटे की मौत की खबर मिली, जिसके बाद वे जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी विश्व नारायण चौहान ने जानकारी दी कि परिजनों का बयान दर्ज कर लिया गया है



## लायंस क्लब कोरबा ने जल विहार बुका में किया उद्यानभोज आयोजित

### नौका विहार का भी लिया गया आनंद

**कोरबा ।** लायंस क्लब ऑफ कोरबा का संचालक मंडल, सामान्य सभा का पारिवारिक उद्यानभोज कार्यक्रम जल विहार बुका में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। वहा आयोजित बैठक में कोरबा अंचल में संचालित दोनों विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह के आयोजन पर चर्चा की गई। परमानेंट प्रोजेक्ट के बारे में चर्चा की गई। चटपटे व्यंजन के साथ हौजी गेम का भी आयोजन किया गया। सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया, साथ ही नौका विहार का आनंद लिया गया।

उक्त आयोजित कार्यक्रम में एमजेएफ लायन रोहित राजवाड़े-अध्यक्ष लायंस क्लब ऑफ कोरबा, लायन रविशंकर सिंह-सचिव, एमजेएफ लायन एस.के. अग्रवाल-रीजन चेयरमेन, एमजेएफ लायन राजकुमार अग्रवाल (श्वेता), लायन राजकुमार अग्रवाल (उत्सव), लायन पदमसिंह चंदेल, लायन संतोष खरे, लायन पुरषोत्तम अग्रवाल, लायन दीपक माखीजा, लायन अरविन्द साहु, लायन मनमोहन यादव, लायन कान्ता अग्रवाल, लायन मीना अग्रवाल, लायन अनिमा प्रसाद, लायन भगवती अग्रवाल, लायन ममता वासन, श्रीमती मीना अग्रवाल, श्रीमती रिया माखीजा सहित अन्य सभी लायन सदस्य की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा में डीएलएड द्वितीय वर्ष के दस दिवसीय संपर्क कक्षा सह प्रशिक्षण का समापन

**कोरबा ।** कोरबा कमला नेहरू महाविद्यालय, कोरबा में संचालित डीएलएड द्वितीय वर्ष के दस दिवसीय संपर्क कक्षा सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह शुक्रवार को गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षार्थियों में उत्साह और जिम्मेदारी का भाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला। समापन समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर रहे। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में उन्होंने कहा कि डीएलएड प्रशिक्षार्थी शिक्षा जगत में प्रवेश करने जा रहे हैं, ऐसे में उनके आचरण, विचार और व्यक्तित्व में इस जिले की सबसे पुरानी शैक्षणिक संस्था की गरिमा झलकनी चाहिए।

### बच्चें अपने हुनर को पहचाने एवं मंजिल की ओर निरंतर अग्रसर रहें - मंत्री राजेश अग्रवाल

# इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में हुआ वार्षिक उत्सव पल्लवन का रंग रंग आयोजन







**कोरबा।** विद्यालय का वार्षिक उत्सव छात्रों के सर्वांगीण विकास, प्रतिभा प्रदर्शन, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और सामुदायिक जुड़ाव के लिए महत्वपूर्ण है; यह आत्मविश्वास, टीम वर्क, नेतृत्व और समस्या-समाधान जैसे कौशल विकसित करता है, साथ ही छात्रों को अपनी कलाएं दिखाने और शैक्षणिक उपलब्धियों को साझा करने का मंच देता है, जिससे प्रेरणा मिलती है और स्कूल समुदाय में एकता आती है।

इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में वार्षिक उत्सव ' पल्लवन ' का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल(कैबिनेट मिनिस्टर ऑफ टूरिज्म एंड कल्चरल, छत्तीसगढ़ शासन) विशिष्ट अतिथि ट्ठकैप्टन अभिमन्यु(फॉर्मर फाइनेंस मिनिस्टर गवर्नमेंट ऑफ़ हरियाणा), डॉक्टर एकता सिंधु (चेयरपर्सन सिंधु ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन), डॉ हिमांशु द्विवेदी ) के साथ ही उपस्थित अतिथि प्रेमचंद पटेल (विधायक कटघोरा विधानसभा), सतीश शर्मा प्राचार्य डीपीएस एनटीपीसी, कैलाश पवार प्राचार्य डीपीएस बाल्को, ज्योति नंद दुबे वरिष्ठ भाजपा नेता सहित विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन देते हुए विद्यालय की शैक्षणिक, सहशैक्षणिक एवं खेलकूद उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के महत्व को समझाते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि कोयलांचल में स्थित इंडस पब्लिक स्कूल ने अपनी स्थापना के अत्यल्प समय में ही इस क्षेत्र में शैक्षिक उपलब्धि का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यहां के बच्चों में बहुत ही गजब का उत्साह एवं टीम भावना देखने को मिला। साथी यहां के समर्पित स्टाफ को भी देखकर दिल बाग - बाग हो गया। इस क्षेत्र में बच्चों की शिक्षा हेतु सबसे अच्छा विकल्प या संस्थान है इसमें कोई दो राय नहीं। इस वार्षिक उत्सव का शीर्षक पल्लवन अपने आप में सार्थक साबित होता है।

वीर सेन सिंधु जी (डायरेक्टर एसीबी ग्रुप ) ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय का वार्षिक उत्सव शिक्षा को आनंदमय बनाता है एवं बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान करता है। वार्षिक उत्सव किसी भी संस्था विशेष कर विद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन होता है। इस आयोजन में शिक्षक अभिभावक और विद्यालय प्रबंधन सभी को एक साथ एक छत में बैठने का शुभ अवसर मिलता है। यह एक उत्सव होता है। इस अवसर पर संस्था अपनी प्रगति का मूल्यांकन करती है एवं एक नया लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का प्रयास करती है। वार्षिक उत्सव का आयोजन शिक्षा संस्कार और प्रतिभा के विकास का एक अवसर होता है।कैप्टन अभिमन्यु (फॉर्मर फाइनेंस मिनिस्टर हरियाणा)* ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस दुनिया में कोई भी कार्य मुश्किल नहीं है। बस जरूरत है सच्ची लगन,ऊंची सोच ,दृढ़ निश्चय और परिश्रम की। आप हर एक मंजिल को स्पर्श कर सकते हैं। इस क्षेत्र में इंडस पब्लिक स्कूल अपने आप में सफलता की एक मिसाल है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस क्षेत्र के निवासियों को एक उत्कृष्ट शिक्षा मिल रही है। धन्यवाद के पत्र यहां के सभी विद्यार्थी, यहां के प्राचार्य महोदय एवं यहां के सभी समर्पित स्टाफ हैं।जिनकी मेहनत आज हमें मंच पर देखने को मिल रही है। आज प्रतिस्पर्धा इतनी कड़ी है कि हमें अपनी मंजिल को स्पर्श करने के लिए दूर दृष्टि रखना आवश्यक है यदि हम अपने आप को अपग्रेड या अपडेट नहीं करते रहेंगे तो शायद हम बहुत पीछे रह जाएंगे और मंजिल हमसे बहुत दूर चली जाएगी ।अतः समय-समय पर अपने आपको रिफ्रेश एवं अपडेट करते रहना जरूरी है।

डॉक्टर एकता सिंधु(चेयरपर्सन सिंधु ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन) ने कहा कि यदि हमें जिंदगी में सफल होना है तो हमारा रीजन और वीजन दोनों क्लियर रहना चाहिए।जब तक लाइफ में क्लेरिटी नहीं है तब तक हमसे सफलता कोसों दूर है। आगे बढ़ने के लिए हमें निरंतर प्रयास करना चाहिए, दूर दृष्टि रखनी चाहिए और सोच बड़ी रखनी चाहिए। रही बात वार्षिक उत्सव या सांस्कृतिक कार्यक्रम की तो यह हम सबको रूबरू होने का एक अवसर प्रदान करता है।ऐसे कार्यक्रमों के द्वारा आपसी सामंजस्य, नेतृत्व कौशल और छिपी हुई प्रतिभा का दीदार हर एक व्यक्ति करता है। हम सब में अपार क्षमताएं हैं ।हमें उसे पहचान कर आगे बढ़ना चाहिए। डॉ हिमांशु द्विवेदी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि वार्षिक उत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्राप्त होता है। उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है एवं उनका समग्र विकास होता है। इस प्रकार के आयोजन से अनुशासन सहयोग और टीम वर्क की भावना को मजबूत होती है। विद्यालय प्रबंधन, विद्यालय के स्टाफ और अभिभावकों के मध्य एक मधुर संबंध स्थापित होता है। विद्यालय का वार्षिक उत्सव केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होता बल्कि यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है।

## भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा 22 को जांजगीर में

**जांजगीर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जगतप्रकाश नड्डा का जांजगीर आगमन आगामी 22 दिसंबर को छग की भाजपा सरकार



के सफलतापूर्वक दो वर्ष पुरे होने पर पुलिस ग्राउंड जांजगीर हेलीपेड खोखरा हो रहा है जहा वे हजारो की संख्या मे उपस्थित छग की विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे कार्यक्रम मे प्रदेश भाजपा के सभी बड़े नेता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मंत्रीगण सांसद विधायक प्रदेश संभाग व जिला संगठन के सभी प्रभारी पदाधिकारीगण व भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहेंगे जिसकी तैयारी हेतु आज जिला प्रशासन की टीम खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण चंदेल जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल समीर शुक्ला कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह आई टी सेल के जिला संयोजक अनिल शर्मा सोशल मीडिया के जिला संयोजक गौरव तिवारी की उपस्थिति मे हेलीपेड जाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन की तैयारी को लेकर स्थिती का जायजा लिया जिला प्रशासन की ओर से जिला कलेक्टर पुलिस अधीक्षक जिला पंचायत के सीईओ व प्रशासन की पुरी टीम उपस्थित रही जिला भाजपा संगठन अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत की तैयारी व आगमन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कल शाम रविवार को चार बजे भाजपा कार्यालय जांजगीर मे कार्यकर्ताओ की आवश्यक बैठक बुलाई है

# केशरी शिक्षण समिति, खोखरा में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**जांजगीर चांपा।** केशरी शिक्षण समिति, खोखरा जांजगीर बी एड महाविद्यालय में भारतीय कला और संस्कृति थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन केशरी शिक्षण समिति के संचालन डॉ सुरेश यादव के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने संदेश दिया कि भारत की पहचान उसकी विविध कला, परंपराएँ और संस्कृति में बसती है। विद्यार्थी जब अपने हाथों से इन्हें रंगों में ढालते हैं, तो वे अपनी जड़ों से और गहरा संबंध महसूस करते हैं। उनके संदेश ने छात्रों में ऊर्जा, उत्साह और देशप्रेम की भावना को प्रबल किया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. रेखा तिवारी ने की। उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि शिक्षा तभी सार्थक है जब वह संस्कारों और संस्कृति को संरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी सिखाए। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय कला-विरासत को सहेजकर आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

प्रतियोगिता में बी.एड प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों की रंगोलियाँ अत्यंत सराहनीय रहीं। किसी ने वारली, मधुबनी और गोंड कला के माध्यम से लोककला को जीवंत किया, तो किसी ने भारत की नृत्य-परंपराएँ, त्योहार, धार्मिक स्थलों और ऐतिहासिक धरोहरों को रंगों की बुनावट में सजाया। तिरंगे की शोभा व लोककथाओं के भाव भी अनेक डिजाइनों में दिखाई दिए, जिससे पूरा परिसर भारतीयता के रंग में रंग उठा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती स्वाति कश्यप (प्रभारी), जितेंद्र तिवारी, श्रीमती आशा तिवारी तथा सुश्री राखी पांडेय का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। प्रभारी के रूप में श्रीमती स्वाति कश्यप ने संपूर्ण आयोजन का कुशलतापूर्वक संचालन किया। वहीं अन्य शिक्षकों ने भी कला-संस्कृति के महत्व पर विद्यार्थियों को निरंतर प्रोत्साहित करते हुए उनके उत्साह को बढ़ाया।

निर्णायक मंडल ने उपस्थित रंगोलियों का मौलिकता, रंग-संतुलन और विषय-प्रस्तुति के आधार पर मूल्यांकन किया। प्रत्येक रंगोली भारतीय संस्कृति की गौरवशाली पहचान को दर्शाती एक अद्वितीय कृति थी, जिसने सभी के हृदय को छू लिया।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति के प्रति गर्व, सृजनशीलता और सामाजिक सहभागिता के भाव को विकसित करना था। समापन अवसर पर प्राचार्या डॉ. रेखा तिवारी ने विश्वास व्यक्त किया कि युवा पीढ़ी भविष्य में हमारी सांस्कृतिक विरासत को और अधिक चमकदार स्वरूप में विश्व पटल पर स्थापित करेगी।

## जेसीबी से सड़क बना 18 बार, नाला पार कर तस्करी करने ला रहे हैं धान

**अमलीपदर।** अवैध धान को लेकर एक तरफ जहां प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है वहीं कोचिए ओडिशा का धान छत्तीसगढ़ में खपाने के लिए लगातार नया-नया तरीका अपना रहे हैं। रोज एक नया तरीका और जरिया सामने आ रहा है।

इस बार गरियाबंद के अमलीपदर से खबर आई है कि कोचियों ने वहां जेसीबी की मदद से करीब 16 किमी की कच्ची सड़क ही बना डाली है। पहले ये रास्ता संकरा था, केवल बाइक चल सकती थी। अब इसी को कच्ची सड़क बनाकर धान पार कराया जा रहा है। सैकड़ों बोरी धान ओडिशा सीमा से लगे वहां के डबरी गांव में डंप कर रखा है। रोज रात में लगभग 50 गाड़ियां धान भरकर आ रही हैं। डबरी में धान डंप करने का काम दिन में होता है। खास बात यह है कि 16 किमी की इस सड़क के बीच अट्ठारा नाम का एक नाला है। इसका यह नाम इसलिए हैं क्योंकि इस एक ही नाले को 18 बार पार करना पड़ता है। अमलीपदर के तहसीलदार सुशील कुमार भोई ने भी माना है कि तस्कर लगातार रणनीति बदल रहे हैं और प्रशासन भी नई रणनीति के साथ उन पर शिकंजा कसने की



तैयारी कर रहा है। कोचियों ने 6-7 दिन में जंगल के बीच के इस रास्ते को सड़क का रूप दे दिया। अब पिकअप, ट्रैक्टर और अन्य चार पहिया वाहन आराम से निकल रहे हैं। वहां कोई निगनानी नहीं है। प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं है। हालांकि इलाके में दूसरी जगहों से प्रशासन ने अब तक 1255 क्विंटल धान, 28 चार पहिया वाहन और 4 लावारिश वाहनों को जब्त कर पुलिस कार्रवाई कर चुकी है।

## कांस्टेबल भर्ती में शिकायत हेल्पडेस्क से होगा निवारण

**जांजगीर।** जिले में कांस्टेबल भर्ती परीक्षा परिणामों से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशों के अनुपालन में जिला जांजगीर-चाम्पा में हेल्पडेस्क की स्थापना की गई है। यह पहल पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चाम्पा विजय कुमार पांडेय के निर्देशन में की गई है हेल्पडेस्क 12 दिसंबर से पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जांजगीर में संचालित हो गया है और यह 14 दिसंबर तक जारी रहेगा। इसका उद्देश्य भर्ती प्रक्रिया में किसी भी तरह की समस्या, शिकायत या जानकारी की आवश्यकता वाले अभ्यर्थियों की मदद करना है। हेल्पडेस्क दिन में दो शिफ्टों में संचालित होगा। प्रथम शिफ्ट सुबह 10.30 बजे से 12.30 बजे तक चलेगी।

## चौपाल में ग्रामीणों को मिली महत्वपूर्ण जानकारी

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर के निर्देशन में तथा जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में जिले भर में जन चौपाल एवं रात्रि चौपाल का आयोजन लगातार किया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित इन चौपालों में ग्रामीणों, प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों, मनरेगा जॉब कार्ड धारकों, स्व सहायता समूह को योजनाओं की प्रगति एवं दिशा-निर्देशों की जानकारी दी जा रही है।नवागढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत पचेड़ा में आयोजित रात्रि चौपाल के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत स्वीकृत आवासों, निर्माण की समय-सीमा तथा प्रथम किस्त प्राप्त करने वाले हितग्राहियों से सीधा संवाद किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री आवास का निर्माण समय पर पूर्ण करना अनिवार्य है। चौपाल के दौरान पीएम आवास ब्लॉक कोऑर्डिनेटर यशवंत सिंह एवं तकनीकी सहायक अब्दुल कामिल सिद्दीकी द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।

## नेशनल लोक अदालत के माध्यम से 26865 प्रकरणों का हुआ निराकरण

### जिला न्यायालय जांजगीर, समस्त तालुका न्यायालयों एवं राजस्व न्यायालयों में कल 40 खंडपीठों में कुल रखे गए

**जांजगीर चांपा ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के आदेशानुसार एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में वर्ष 2025 का अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, समस्त तालुका न्यायालय एवं राजस्व न्यायालय में आयोजित हुआ। जिला एवं सत्र न्यायालय जांजगीर में नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन



दीप प्रज्वल माननीय शक्ति सिंह राजपूत प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर-चांपा, समस्त सम्माननीय न्यायाधीशगण, अध्यक्ष जिलाअधिवक्ता संघ एवं अधिवक्तागण, जिला प्रशासन के समस्त विभागों के अधिकारीगण, जिला न्यायालय के समस्त अधिकारीगण कर्मचारीगण, जिला विदिशा प्राधिकरण के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण, विधि छात्रों एवं मीडिया कार्ड की उपस्थिति में हुआ जहां प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय द्वारा सभी को संबोधित करते हुए नेशनल लोक अदालत के महत्व बताते हुए अधिक से अधिक प्रकरण को सफल बनाने हेतु सहयोग करने को कहा गया।

साथ ही प्रधान जिला न्यायाधीश के कुशल मार्गदर्शन व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में नेशनल लोक अदालत के अवसर पर जिला न्यायालय भवन के सामने नालसा की योजनाएं (मानसिक रूप से बीमा एवं दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 एवं नालसा (गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2015 के तहत कार्यक्रम व समस्त विभागों का जागरूकता स्टार लगाया गया जिसमें समाज कल्याण विभाग के द्वारा उनके दिव्यांग जनों हेतु योजनाओं के तहत, महिला बाल विकास विभाग जांजगीर महिला स्व सहायता अनुदान, स्पॉन्सरशिप योजना, सुपोषण के वितरण, गर्भवती महिलाओं हेतु सधोरी कार्यक्रम, बच्चों का अन्नप्राशन, स्थानीय का खाद्य पदार्थ एवं व्यंजन प्रदर्शन, श्रम विभाग जांजगीर द्वारा नैनीताल छात्रवृत्ति योजना एवं मिनीमाता महतारी जतन योजना, स्वास्थ्य विभाग जांजगीर द्वारा आयुष्मान कार्ड योजना एवं सभी प्रकार की इलाज एवं जागरूकता अभियान, पुलिस विभाग जांजगीर द्वारा यातायात जागरूकता, कृषि पशुधन विकास विभाग एवं जिला व्यापारी एवं उद्योग केंद्र द्वारा अपनी योजनाओं के तहत जानकारी हेतु जागरूकता स्टाल में माननीय शक्ति सिंहराजपूत प्रधान न्यायाधीश एवं न्यायाधीशगण एवं जिला प्रशासन के समस्त अधिकारीगण की उपस्थिति में एवं उनके हाथों से समस्त विभागों की योजनाओं के तहत हिमांशु कहरा, कौशल्या यादव, मनहरण प्रसाद, राकेश रोई दास को ट्राई साइकिल, राधिका साहू, हीरालाल लाठियां को श्रवण यंत्र, मनकठई महिला समूह एवं सरोज तिवारी को चेक राशि एक लाख रुपए, मीना बाई, सावित्रीबाई, दुखीन बाई नोनी सशक्तिकरण योजना के तहत बीस हजार की चेक राशि, पूजा यादव एवं प्रिंसी को ननिहाल छात्रवृत्ति योजना के तहत तीन - तीन चेक राशि, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चांपा द्वारा नेशनल लोक अदालत के तहत जिला न्यायालय जांजगीर, समस्त तालुका न्यायालयों एवं राजस्व न्यायालयों में कल 40 खंडपीठों में कुल रखे गए प्रकरण 41379 में आज नेशनल का अदालत के माध्यम से कल प्रकरण का 26865 प्रकरणों का निराकरण हुआ।

## कलेक्टर ने प्रकाश टण्डन को किया जिला बदर

**जांजगीर-चांपा।** जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जन्मेजय महोबे ने पुलिस अधीक्षकविजय कुमार पांडेय के प्रस्ताव पर प्रकाश टण्डन को जिला बदर किया है।

जिला दंडाधिकारी श्रजनमेजय महोबे ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 में प्रदत्त शक्तियों एवं निहित प्रावधानों का प्रयोग करते हुए प्रकाश टण्डन पिता गुनाराम टण्डन साकिन बोरसी थाना पामगढ़ को जांजगीर-चांपा जिला एवं सरहदी जिला सक्ती, रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर, बालौदा बाजार जिलों की राजस्व सीमाओं से आदेश जारी होने के 24 घंटे के भीतर बाहर चले जाने तथा 01 वर्ष की कालावधि तक प्रवेश नहीं करने के लिए आदेशित किया गया है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की व्यापक समीक्षा

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति की शासी एवं कार्यकारी समिति की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिले में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं, टीकाकरण कार्यक्रम, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, कुपोषण उन्मूलन, स्वास्थ्य संस्थाओं की उपलब्धियों एवं चुनौतियों तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर श्री महोबे ने सभी जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। स

**मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर फोकस**

कलेक्टर ने बैठक में मातृत्व स्वास्थ्य को लेकर विशेष समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि गर्भवती महिलाओं का नियमित जांच सुनिश्चित किया जाए। हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी वाले मामलों की लगातार निगरानी की जाए। संस्थागत प्रसव सेवाओं को सुदृढ़ कर मातृत्व मृत्यु दर में कमी लाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। कलेक्टर ने कहा प्रत्येक बच्चे को समय पर टीका लगाये जाए। साथ ही टीकाकरण सत्रों की सतत निगरानी, अपूर्ण टीकाकरण वाले बच्चों की पहचान, ग्राम स्तर पर जागरूकता अभियान को मजबूत करने के निर्देश दिए। बैठक में चिरायु टीम द्वारा की जा रही स्वास्थ्य स्क्रीनिंग का विस्तृत मूल्यांकन प्रस्तुत किया गया।



कलेक्टर ने कहा कि एनीमिया मुक्त भारत अभियान को जिले में व्यापक रूप से लागू किया जाए। दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में नियमित स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाई जाएं। मोबाइल मेडिकल यूनिट की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच, ऑनलाइन एंट्री की समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड, वय वंदना योजना और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि शिविर लगाकर पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड, वय वंदना कार्ड बनाए जाएं। उपचार हेतु आने वाले प्रत्येक मरीज का आभा कार्ड अनिवार्य रूप से तैयार किया जाए। उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्रों में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, फाइलेरिया एवं डेंगू मरीजों, सघन कुष्ठ खोज अभियान के माध्यम से मरीजों का काउंसिलिंग करने और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने हाइपरटेंशन, मधुमेह जैसी बीमारियों के मरीजों की अधिक से अधिक स्क्रीनिंग कर नियमित निगरानी और उपचार सुनिश्चित करने कहा।

## जमीन पर कब्जा किया कोर्ट जाने की चेतावनी

**टिटिलागढ़।** टिटिलागढ़ तहसील के अंतर्गत चहनराभाट गांव के गरीब भूमिहीन परिवार को सरकार ने 1997 में 4 डिसमिल जमीन का पट्टा दिया था। लेकिन, 28 साल बाद भी गरीब परिवार को उक्त जमीन नहीं मिली है। गरीब लोग बार-बार टिटिलागढ़ तहसीलदार से लेकर बलांगीर जिलापाल के पास जा चुके हैं और उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है। आरोप है कि प्रशासन की ओर से गरीब परिवार की शिकायतों को कूड़ेदान में फेंका जा रहा है। ऐसे में भूमि पहचान के लिए उप जिलापाल के पास कांग्रेस नेता बीरेंद्र बाग के साथ गए । भूमिहीन परिवार के आवेदन को डाकघर के माध्यम से स्पीड पोस्ट के जरिए उत्तरी राजस्व आयुक्त संबलपुर, बलांगीर जिलापाल , टिटिलागढ़ उप जिलापाल तहसीलदार को भेजा गया है। वकील बाग ने अपने जवाब में कहा कि शिकायतकर्ता गरीब परिवार के याचिका पत्र को बार-बार फेंका जा रहा है। अब इस बात का सबूत है कि शिकायत डाक के जरिए भेजी गई थी। इस संबंध में बाग ने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन ने 7 दिनों के अंदर भूमिहीनों को दी गई जमीन की पहचान नहीं की तो कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा।

## लाइवलीहुड कॉलेज और जिला अस्पताल में अस्थायी रूप से शुरू होगा मेडिकल कॉलेज

**जांजगीर-चांपा।** जिले में प्रस्तावित नवीन चिकित्सा महाविद्यालय के अस्थायी संचालन की तैयारियाँ तेज हो गई हैं। कलेक्टर ने



लाइवलीहुड कॉलेज तथा जिला अस्पताल परिसर स्थित जीएनएम संस्था भवन का निरीक्षण कर विभागीय अधिकारियों व मेडिकल टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम जांजगीर सुब्रत प्रधान, डॉ. राकेश नहरेल, प्राध्यापक, शिशु रोग, छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स), बिलासपुर एवं नोडल अधिकारी, नवीन चिकित्सा महाविद्यालय जांजगीर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.के.मरकाम, डीपीएम उत्कर्ष तिवारी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ.एस.कुजूर सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि स्थायी भवन निर्माण पूर्ण होने तक मेडिकल कॉलेज का संचालन अस्थायी रूप से लाइवलीहुड कॉलेज एवं जिला अस्पताल परिसर में किया जाएगा। लाइवलीहुड कॉलेज में मेडिकल विद्यार्थियों की कक्षाएँ संचालित होंगी। विद्यार्थियों के आवास की व्यवस्था जिला अस्पताल के जीएनएम भवन में होगी। उन्होंने कॉलेज परिसर में अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लासरूम, कौशल विकास लैब तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण की समुचित तैयार करने के संबंध में निर्देश दिए।

## जिला समन्वयक एवं संकाय सदस्य के संविदा पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** पंचायत संचालनालय अंतर्गत Revamped राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत जिले में रिक्त संविदा पदों जिला समन्वयक एवं संकाय सदस्य, जिला पंचायत संसाधन केन्द्र पर भर्ती हेतु 29 दिसम्बर 2025 तक सायं 05.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। अभ्यर्थी निर्धारित समय तक आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जांजगीर-चांपा (छ.ग.) पिन 495668 के नाम से पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज सकते हैं। आवेदन केवल डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत दिशा-निर्देश जिले की वेबसाइट https://janjgir-champa.gov.in तथा जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के सूचना पटल से प्राप्त किए जा सकते हैं।

## गांव में मिल रही डिजिटल सुविधाएं - प्रधानमंत्री आवास योजना और मनरेगा के हितग्राहियों की बदली जिंदगी

**जांजगीर-चांपा।** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और मनरेगा का प्रभाव अब गांव-गांव में स्पष्ट दिखाई देने लगा है। डिजिटल सेवाओं की सहज उपलब्धता, योजनाओं का त्वरित लाभ और अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों की स्थापना ने ग्रामीण विकास की दिशा को नई गति दी है। ग्रामीणों के जीवन में सुधार और योजनाओं की पारदर्शी डिलीवरी का यह मॉडल अब पूरे जिले में सफलतापूर्वक लागू हो रहा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत राशि अब ग्राम बनारी में स्थापित अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के माध्यम से हितग्राहियों तक तेज़ी और सुविधा के साथ पहुँच रही है। गाँव में ही उपलब्ध इस डिजिटल केंद्र ने हितग्राहियों को बैंक जाने की परेशानी से पूरी तरह मुक्त कर दिया है। योजना की राशि सीधे बैंक खाते में आने के बाद हितग्राही केंद्र से कुछ ही मिनटों में अपना भुगतान प्राप्त कर रहे हैं और उसी राशि का उपयोग कर वे निर्माण सामग्री जैसेकृसीमेंट, सरिया, ईंट, रेत आदि खरीदकर अपने आवास निर्माण कार्य को गति दे रहे हैं। हितग्राहियों ने बताया कि




अटल डिजिटल सुविधा केंद्र ने न केवल समय और खर्च दोनों की बचत कर ग्रामीणों को राहत दी है, बल्कि डिजिटल भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाकर गाँव में पारदर्शिता और विश्वास को भी बढ़ाया है।

ग्राम बनारी के मनरेगा मजदूर कुमारी सिदार और लक्ष्मण बरेठ ने बताया कि मजदूरी का उपयोग वे घरेलू आवश्यकताओं के लिए कर रहे हैं। गांव में डिजिटल भुगतान व्यवस्था से बैंक जाने की समस्या लगभग समाप्त हो गई है। डिजिटल क्रांति का लाभ अब बनारी जैसे गांवों में भी स्पष्ट है। प्रमाण पत्रों की ऑनलाइन सुविधा, पेंशन, आवास, मनरेगा जैसी योजनाओं की राशि का त्वरित भुगतान, बैंकिंग, बिल भुगतान और योजना की स्थिति की जानकारी अब गांव में ही मिल जाती है।

महिलाओं और बुजुर्गों में डिजिटल सशक्तिकरण बढ़ रहा है। राम बाई, संतोष सूर्यवंशी और डिजिटल केंद्र संचालक गौरव बताते हैं कि पहले बैंक जाने में पूरा दिन खराब हो जाता था, अब गांव में ही आसानी से कार्य हो जाता है, महिलाएं भी आत्मनिर्भर हो रही हैं और खुद दस्तावेज़ व राशि निकालने के लिए केंद्र तक आ रही हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, महतारी वंदन, पेंशन, छात्रवृत्ति, मातृत्व सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा जैसी योजनाओं का लाभ अब सीधे ग्रामीणों तक समय पर पहुंच रहा है। अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों ने पारदर्शिता बढ़ाई है, समय की बचत की है, आय में सुधार किया है और ग्रामीणों को तकनीक के माध्यम से सक्षम बनाया है। यह बदलाव साबित करता है कि डिजिटल इंडिया की असली ताकत गांवों में है, जहां तकनीक और योजनाएं मिलकर विकास का नया अध्याय लिख रही हैं।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)
### ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र./निर्माण/2025 दिनांक 11/12/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | निविदा डाउने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | बालको जोन अंतर्गत 14 शासकीय स्कूलों में बालक -बालिका शौचालय का निर्माण कार्य (जि.ख.न्या. मद) (जिला खनिज न्यास मद) (द्वितीय निविदा) | 70.00 | 29.12.2025 (T.No.181562) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

// स्वच्छ भारत भारत निर्माण में योगदान दें //

अधीक्षण अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

## अनमोल वचन......

डर के आगे झुकना आपको सुरक्षित नहीं रखता, यह आपको प्रयास करने, सीखने और सफल होने से रोकता है।

# पर्यावरण या प्रदूषण की चिंता नहीं

जिस दौर में सरकारों की मेधा पर्यावरण संरक्षण कानूनों को इस तरह तोड़ने- मरोड़ने में लगी हो, जिससे ये प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन में आड़े ना आएं, उनसे किसी प्रकार के हल की उम्मीद रखना बेबुनियाद ही है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र पर छाये स्मॉग से जल्द राहत मिलने की संभावना नजर नहीं आती। इसका खतरनाक प्रभाव यहां के बाशिंदों पर हो रहा है। खुद भारत सरकार ने कहा है कि अस्पतालों में सांस संबंधी मरीजों की संख्या बढ़ रही है, जिनका सीधा संबंध प्रदूषित हवा से है। स्वास्थ्य राज्यमंत्री विक्रमजीत एस. साहनी ने राज्यसभा में बताया कि 2022 से 2024 तक सांस संबंधी दो लाख मरीजों को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। बाल रोग विशेषज्ञों के हवाले से छपी एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि जहरीली हवा के दुष्प्रभाव से त्वचा रोग के मामले बढ़े हैं। खासकर इसका शिकार बच्चे हो रहे हैं। बुजुर्गों के लिए बाहर निकलना कितना जोखिम भरा हो गया है, सोशल मीडिया ऐसी चर्चाओं से भरा-पड़ा है। मगर इतना गंभीर हाल होने के बावजूद हुक्मरान बेफ्रिक्र बने हुए हैं। जब कभी सूरत बेहद बिगड़ जाती है, तो वे पंजाब में पराली जलने की चर्चा कर अपने कर्त्तव्य से मुक्त हो जाते हैं! ये दलील बेतुकेपन की इस हद तक पहुंच चुकी है कि सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने अधिकारियों को ऐसा बहाना ना बनाने की सलाह दी। उचित ही उन्होंने कहा कि प्रदूषित हवा की वजहें ढांचागत रूप ले चुकी हैं। समाधान उनका ढूंढा जाना चाहिए। मगर जिस दौर में सरकारों की मेधा पर्यावरण संरक्षण कानूनों को इस तरह तोड़ने- मरोड़ने में लगी हो, जिससे प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन की गुंजाइश मिल जाए, उनसे ऐसे हल की उम्मीद रखना बेबुनियाद ही है। हाल में अरावली पहाड़ियों में खनन के बारे में जैसे दिशा-निर्देश तैयार किए गए हैं, उनसे साफ है कि सत्ताधारी नेताओं को पर्यावरण या प्रदूषण की तनिक भी चिंता नहीं है। अभी कुछ वर्ष पहले तक इस सीजन में स्मॉग छाने पर ऑड- इवन जैसे परिवहन नियमों पर बात होती थी। उससे कम-से-कम यह तो जरूर होता था कि लोगों में जागरूकता आती थी। लेकिन अब वैसी भी कोई फिक्र नजर नहीं आती। अब तो बस ये कोशिश है कि जब तक ये सीजन निकल नहीं जाता, सूरत पर जितना संभव है परदा डाले रखा जाए!

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आप अपनी किसी जॉब के लिए इंटरव्यू देने जायेंगे, जिसमें आपको सेलेक्ट कर लिया जाएगा। आज नया बिजनेस स्टार्ट करने से पहले किसी अनुभवी से सलाह लेंगे, जिससे आपका बिजनेस अच्छे से चले।

**वृष राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के बेहतर परिणाम हासिल होंगे। दांपत्य जीवन में खुशी का माहौल बनेगा। आज बच्चे घर के काम में माता की मदद करेंगे, जिससे माता उनसे प्रसन्न रहेगी। धार्मिक कार्यों में आपके धन की व्ययता रहेगी।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम है। भाई-बहनों से अगर किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, वह भी दूर होगी। आपकी किसी पुरानी गलती के लिए आपको परिवार में वरिष्ठ से माफी मांगनी पड़ सकती है। आज आपकी योजना समय से पूरी हो जाएंगी।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी परिस्थितियां पहले से अनुकूल रहेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज आपको धन लाभ के अनेक अवसर प्राप्त होंगे। आज दोस्तों के साथ ट्रिप का प्लान कर सकते हैं।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द्र की वृद्धि होगी। आज बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना पड़ सकता है। आज धन लाभ के मौके हाथ लगेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ों की राय लेना आपके लिए बेहतर साबित होगी। बड़े बुजुर्गों के पैर छुए, धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी।

**तुला राशिः** आज आर्थिक तौर पर आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। आपके अपने व्यापार में लाभ के योग हैं। साथ में साइड बिजनेस कर सकते हैं, जिससे लाभ होने की संभावना बनेगी। नौकरी पेशा लोगों के लिए नए अवसर मिलने की संभावना है। पॉलिटिक्स में बड़ा पद प्राप्त होने के योग हैं।

**वृश्चिक राशिः** आज अकारण शुरू हुई बाधाएं पूरी तरह से समाप्त हो जाएंगी। आज ननिहाल पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप विदेश में व्यपार करने की योजना बनाएंगे। आपकी सोशल मीडिया पर किसी से बात हो सकती है, जिससे भविष्य में फायदा होगा।

**धनु राशिः** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी समझदार व्यक्ति से सलाह जरूर लें, अन्यथा आपका पैसा फंस सकता है। आपको किसी निवेश से बड़ा आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

**मकर राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। काफी दिनों बाद आज परिवार के साथ समय बिताएंगे। आज उनके प्रति लगाव बढेगा। आज रुके कार्यों में प्रगति होगी। आपके गृहस्थ जीवन में सुख शांति का माहौल बना रहेगा। डिप्लोमा कर रहे छात्रों को अपने सीनियर्स से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। किसी रिश्तेदार से चलती आ रही अनबन आज खत्म हो जायेंगी। आपको अधिक खाने-पीने से बचना चाहिए और सेहत का ध्यान रखना चाहिए। कारोबार में बरकत होगी। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी।

**मीन राशिः** मीन राशि वालों आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपके रुकावट भरे कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढ़ेगा। आज किसी कार्य में घरवाले आपकी तारीफ करेंगे। छात्रों की पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी।

# संरक्षा, दायित्व और जन विश्वास - नए अधिनियम से क्या हासिल होगा

//डा. रतन कुमार सिन्हा//

**जनता का विश्वास हमेशा से भारत के परमाणु कार्यक्रम की आधारशिला रहा है। देश के सतत, समतापूर्ण और ऊर्जा-सुरक्षित विकास के दृष्टिकोण में यह आधार निहित है कि परमाणु ऊर्जा का उपयोग अत्यधिक संरक्षा, निर्विवाद उत्तरदायित्व और पारदर्शी संचार के साथ किया जाए। संरक्षा, दायित्व और जन विश्वास के स्तंभ केवल अमूर्त आदर्श नहीं हैं; ये भारत के परमाणु उद्योग के व्यावहारिक आधार हैं। जैसे-जैसे हम परमाणु ऊर्जा के लिए एक नए विधायी ढाँचे पर विचार कर रहे हैं, यह पूछना ज़रूरी है कि यह नए अधिनियम से क्या हासिल होगा मेरे विचार से, इसका उत्तर इन्हीं आधारों को मज़बूत करने में निहित है। इस कानून से अपेक्षा है कि यह जनता के विश्वास से समझौता किए बिना संरक्षा और सशक्तिकरण प्रदान करे, सरलीकरण और सुरक्षा प्रदान करे, नवाचार को प्रोत्साहित करे।**

परमाणु प्रौद्योगिकी में संरक्षा डिज़ाइन का एक अनिवार्य अंग ही नहीं, बल्कि यह इसका मूल दर्शन होना चाहिए। ट्रॉम्बे में भारत के पहले अनुसंधान रिएक्टरों से लेकर स्वदेशी 700 मेगावाट दाबित भारी पानी रिएक्टरों और अगली पीढ़ी के प्रगत रिएक्टरों तक, डिज़ाइन हमेशा गहन संरक्षा और निश्चेष्ट संरक्षा विशेषताओं द्वारा निर्देशित रही हैं।

जब हमने प्रगत भारी पानी रिएक्टर की कल्पना की थी, तो हमारा लक्ष्य न केवल थोरियम के उपयोग को प्रदर्शित करना था, बल्कि यह भी प्रदर्शित करना था कि एक रिएक्टर इसके ऑपरेटर के हस्तक्षेप के बिना भी सुरक्षित रह सकता है ङ्क एक ऐसी डिजाइन जो स्वतः सुरक्षित हो। वास्तव में, संरक्षा परमाणु ऊर्जा परिनियोजन का एक अभिन्न अंग है।

नए अधिनियम को, निश्चित रूप से, यह गारंटी देनी चाहिए कि संरक्षा-संस्कृति जारी रहे। इसे उच्चतम संरक्षा मानकों के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करनी चाहिए और नियामक संस्थानों की स्वायत्तता, अधिकार और जवाबदेही को मजबूत करना चाहिए। इसे आवश्यकतानुसार प्रौद्योगिकी उन्नयन और पारदर्शी संरक्षा समीक्षाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए। इसे प्रचालन प्रदर्शन पर सूचना के आदान-प्रदान को भी बढ़ावा देना चाहिए।

किसी भी उद्योग में विशेषकर परमाणु ऊर्जा के मामले में तो और भी ज़्यादा, संरक्षा एक स्थिर लक्ष्य नहीं है। इसे एक ऐसी संस्कृति के रूप में देखा जाना चाहिए जिसका निरंतर पोषण किया जाना चाहिए। ख़ास तौर पर परमाणु पारिस्थितिकी तंत्र के मामले में, इस संस्कृति को एक संस्थागत फ्रेमवर्क के ज़रिए मज़बूत किया जाना चाहिए।

दायित्व - स्पष्टता के साथ उत्तरदायित्व सुनिश्चित करना

नाभिकीय क्षति के लिए असैन्य दायित्व अधिनियम (सीएलएनडी अधिनियम) एक अग्रणी कदम रहा है जिसने तीन महत्वपूर्ण हितों को संतुलित किया हैः जनता की संरक्षा, आपूर्तिकर्ताओं को आश्वासन और ऑपरेटरों का विश्वास। इसने दोष-रहित दायित्व सिद्धांत को प्रतिपादित किया और यह सुनिश्चित किया कि ऑपरेटर की ज़िम्मेदारी स्पष्ट और निर्देशित रहे। ऊर्जा परिदृश्य और औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के विकास ने संबंधित संस्थाओं की देनदारियों पर अधिक स्पष्टता को आवश्यक बना दिया है। इस तरह के संशोधन किसी भी परिपक्व क्षेत्र की स्वाभाविक प्रगति का हिस्सा हैं, जो यह सुनिश्चित करते हैं कि शासन का फ्रेमवर्क वैज्ञानिक प्रगति और सामाजिक अपेक्षाओं के साथ तालमेल बनाए रखे।

नए अधिनियम को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शासन का फ्रेमवर्क निष्पक्ष, स्पष्ट हो और संदेह रहित बना रहे, साथ ही जवाबदेही की एक सुपरिभाषित श्रृंखला भी बनाए रखे। इसे यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि दायित्व का मूल्यांकन करने की व्यवस्था देश में परमाणु तैनाती की सीमा और पैमाने के अनुरूप हो। एक आधुनिक दायित्व व्यवस्था को इस बात की पुष्टि करनी चाहिए कि संरक्षा और ज़िम्मेदारी विकास के साथ-साथ चलती हैं।दुनिया भर में परमाणु उद्योग के उत्कृष्ट संरक्षा रिकॉर्ड के बावजूद, परमाणु ऊर्जा के प्रति जनता का दृष्टिकोण अक्सर वैज्ञानिक तथ्यों की तुलना में धारणाओं से अधिक प्रभावित होता रहा है। कुछ साल पहले मैंने जिस पुस्तक का सह-लेखन किया था, द अनरीज़न्ड फियर ऑफ़ रेडिएशन, ऐसी ही भ्रांतियों को दूर करने का एक प्रयास था। यह पुस्तक बताती है कि नियंत्रित और सुव्यवस्थित वातावरण में विकिरण, किसी भी अन्य तकनीक जितना ही सुरक्षित है जिसका उपयोग हम अपने दैनिक जीवन में नियमित रूप से आत्मविश्वास से करते हैं।

जनता का विश्वास केवल पारदर्शिता और जनता के साथ संवाद के माध्यम से ही अर्जित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, जब नागरिक देखते हैं कि परमाणु विज्ञान रेडियोथेरेपी के माध्यम से जीवन बचा रहा है, उत्परिवर्तन प्रजनन के माध्यम से फसलों को बढ़ा रहा है या विकिरण शुद्धिकरण के माध्यम से सुरक्षित जल उपलब्ध करा रहा है, तो वे परमाणु ऊर्जा के मानवीय पहलू से जुड़ने लगते हैं। परमाणु ऊर्जा विभाग में अपने कार्यकाल के दौरान, हमने नई आउटरीच रणनीतियों की शुरुआत करके इस दिशा में कई प्रयास किए, जिसके परिणामस्वरूप 2015 की गणतंत्र दिवस परेड में परमाणु ऊर्जा विभाग की झांकी प्रदर्शित की गई और प्रसारण व सोशल मीडिया पर उपस्थिति दर्ज कराई गई। ये कदम दिखावटी नहीं थे; इनका उद्देश्य विज्ञान और समाज के बीच की दीवार को हटाना था।यदि नया अधिनियम नागरिकों के साथ खुले संवाद को बढ़ावा दे पाता है, तो यह समाज के साथ विज्ञान के सामाजिक संबंधों को पुनर्परिभाषित करेगा। ऐसा करके, यह हमारे चिरस्थायी आदर्श वाक्यः राष्ट्र की सेवा में परमाणु, की भावना को साकार करेगा।नए अधिनियम से यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इस प्रकार के संदेश सार्वजनिक प्रकटीकरण को अनिवार्य बनाएं, शैक्षिक जागरूकता को प्रोत्साहित करें तथा नागरिकों के साथ संवाद को संस्थागत कार्य प्रणाली का अभिन्न अंग बनाएं।

यदि 1962 के प्रथम परमाणु ऊर्जा अधिनियम ने क्षमता निर्माण के मूल मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया था, तो नए अधिनियम का उद्देश्य आत्मविश्वास बढ़ाना और परमाणु प्रौद्योगिकी की बड़े पैमाने पर तैनाती करना होना चाहिए। इसमें उस राष्ट की परिपक्वता प्रतिबिंबित होनी चाहिए जिसने जटिल तकनीकों में महारत हासिल की है और जिम्मेदार आचरण के माध्यम से वैश्विक सम्मान अर्जित किया है। नए अधिनियम को विज्ञान और समाज के बीच पारस्परिक आश्वासन की यह गारंटी देनी चाहिए किः ज़ संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी, ज़ दायित्व (देनदारियां) हमेशा न्यायसंगत और पारदर्शी रहेगा, औरजब ये गारंटियां न केवल कानून में, बल्कि संस्थागत व्यवहार में भी निहित होंगी, तो भारत का परमाणु भविष्य सुदृढ़ आधार पर खड़ा होगा।

भारत के परमाणु कार्यक्रम के लिए यह एक परिवर्तन का दौर है। बड़े विद्युत संयंत्रों के अलावा, छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर और प्रगत थोरियम प्रणालियाँ परमाणु ऊर्जा की पहुँच का विस्तार करेंगी। इसलिए नए अधिनियम को एक ऐसे फ्रेमवर्क की गारंटी देनी चाहिए जो प्रौद्योगिकियों के तेज़ उपयोग को सुगम बनाए और साथ ही स्वदेशी अनुसंधान एवं विकास तथा विनिर्माण को प्रोत्साहित करे। इसमें नियामकों, प्रचालकों और उद्योग के बीच निर्बाध समन्वय और भविष्य के नवाचारों को शामिल करने के लिए लचीलापन सुनिश्चित करना चाहिए। संक्षेप में, नए अधिनियम को परमाणु पुनर्जागरण के लिए एक अनुकूल पृष्ठभूमि तैयार करनी चाहिए जो भारत में जलवायु लक्ष्यों और विकसित भारत ञ्च2047 बनने की राह में स्वच्छ-ऊर्जा के क्षेत्र में भारत को विश्व का अग्रणी देश बनने की आकांक्षाओं के अनुरूप हो।

# देश के दर्जनों शहरों में हवा जहरीली

//हरिशंकर व्यास//

**एक समय जो नैरेटिव मेनस्ट्रीम मीडिया का सबसे प्रिय विषय होता था वह समय के साथ या सरकार बदलते ही कैसे गायब हो जाता है इसकी मिसाल सिर्फ रुपए की गिरती कीमत का मामला नहीं है, बल्कि प्रदूषण का मामला भी है। जब बराक ओबामा और डोनाल्ड ट्रंप सर्दियों में दिल्ली आए थे तब मीडिया ने हिसाब लगाया था कि राजधानी दिल्ली के प्रदूषण से अमेरिकी राष्ट्रपतियों के जीवन के कितने घंटे कम हो गए। यह हिसाब भी लगाया गया कि दिल्ली के वायु प्रदूषण के कारण यहां रहने वाले लोगों का जीवन औसतन कितने साल कम हो जा रहा है। जिस समय यह हिसाब लगाया गया उस समय दिल्ली में भाजपा की सरकार नहीं थी। अब दिल्ली में भाजपा की सरकार है और वायु प्रदूषण लगातार 'बेहद खराब' या 'गंभीर' श्रेणी में है। वायु प्रदूषण के आंकड़े को यानी एयर क्वालिटी इंडेक्स, एक्यूआई को इन दो श्रेणियों में रखने के लिए कितनी तरह के तिकड़म किए जा रहे हैं वह सबको पता है। फिर भी किसी को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।**

जिस समय रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन नई दिल्ली पहुंचे उस समय भी सरकारी आंकड़े के मुताबिक दिल्ली की हवा 'बेहद खराब' श्रेणी में थी। यानी एक्यूआई तीन सौ से ऊपर था। लेकिन किसी ने हिसाब नहीं लगाया कि ऐसी हवा में सांस लेने से पुतिन और उनके साथ आए मंत्रियों की उम्र कितने घंटे कम हो जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं है कि रूस या दुनिया के दूसरे देशों के लोग दिल्ली की वहा की गुणवत्ता को नहीं देख रहे हैं या नहीं महसूस कर रहे हैं। सारी दुनिया देख रही है कि भारत में वायु प्रदूषण महामारी बन गया है और सरकारें आंकड़ों के प्रबंधन में लगी हैं। सरकारें समय काट रही हैं कि किसी तरह से सर्दियां बीत जाए तो प्रदूषण पर से लोगों का ध्यान हट जाएगा। भारत में गरीबी, अशिक्षा, पिछड़ापन स्थायी है और बाकी हर समस्या ऐसे ही सीजनल है। प्रदूषण, हीटवेब, बाढ़ आदि अलग अलग मौसम में महामारी की तरह आते हैं और चले जाते हैं। लोगों के साथ साथ सरकारें भी भूल जाती हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक दिवाली के बाद से अकेले नोएडा में दो लाख से ज्यादा सांस के मरीज अस्पतालों में भर्ती हुए हैं। दिल्ली और पूरे एनसीआर में यही स्थिति है। सर्दियां आते ही प्रदूषण बढ़ता है और अस्पतालों में सांस के मरीज बढ़ने लगते हैं। ध्यान रहे प्रदूषण कोई ऐसी समस्या नहीं है, जिसे ठीक नहीं किया जा सकता है। बीजिंग ने दुनिया को दिखाया है। एक दशक पहले बीजिंग वायु प्रदूषण की वैश्विक राजधानी था। लेकिन राष्ट्रीय सरकार, स्थानीय प्राधिकरण की इच्छाशक्ति और आम लोगों के सहयोग से उसने प्रदूषण को समाप्त कर दिया। पिछली सदी के लंदन ने पूरी दुनिया को इसका रास्ता दिखाया था। औद्योगिक क्रांति के बाद से लंदन कई तरह के प्रदूषण की चपेट में था लेकिन उसने हवा और पानी पूरी तरह से स्वच्छ कर दिए। भारत में सिर्फ राजधानी दिल्ली नहीं है, बल्कि देश के दर्जनों शहरों में हवा जहरीली हो गई है। दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची बनती है तो शीर्ष 10 देशों में हर समय पांच या उससे ज्यादा शहर भारत के होते हैं।

और ऐसा भी नहीं है कि भारत में कोई औद्योगिक क्रांति हो रही है। विनिर्माण की ज्यादातर इकाइयां तो बंद हैं। सब कुछ आयात होता है। फिर भी वायु प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। एक रिपोर्ट आई है, जिसमें कहा गया है कि दिल्ली के पानी में यूरेनियम की मात्रा है, जिससे कैंसर जैसी घातक बीमारी हो रही है। एक साल में दिल्ली में कैंसर के 28 हजार नए मरीज मिले हैं। लेकिन सरकारें एक दूसरे पर आरोप लगा रही हैं किसके शासन वाले राज्य में किसान ज्यादा पराली जला रहे हैं। जबकि यह आंकड़ा सामने आ गया है कि पराली जलाना नहीं, बल्कि ऑटोमोबाइल का धुआं दिल्ली की प्रदूषण का मुख्य कारण है। लेकिन जीएसटी व पेट्रोल, डीजल पर लगने वाले टैक्स के लालच में और ऑटोमोबाइल सेक्टर के दबाव में कोई भी सरकार गाड़ियों की बिक्री को नियंत्रित नहीं करती है।

# तेजस का क्रैश सैन्य साख का भी क्रैश

//हरिशंकर व्यास//

पर भारत की मानों आंखें बंद। तभी खबर रफा-दफा हुई। जिस सरकारी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने तेजस बनाया है, उसने इतना भर कहा, दुर्घटना विशेष परिस्थितियों की अलग घटना हैज् तेजस समग्र रूप से विश्वसनीय है। वही मीडिया चैनलों में सुनाई दिया कि अमेरिका ने दुबई एयर शो में तेजस दुर्घटना की साज़िश रची। मतलब जो हुआ, दुनिया ने जो देखा और अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने लिखा वह सब भारत में बेमतलब। इसलिए क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ने तेजस में बैठकर उसकी विश्वसनीयता बनाई थी। पर 12 हजार घंटे से अधिक उड़ान के अनुभव वाले एयरफोर्स पायलट विंग कमांडर स्याल के बस में भी यदि तेजस नहीं हुआ तो क्या विश्वसनीयता? ऐसे में क्या पारदर्शी जांच, कमियों पर विचार, सुधार की चिंता की बहस नहीं होनी चाहिए थी? निश्चित ही एयर शो में हादसा नई बात नहीं है। पहले भी रूसी, चीनी विमान दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। लेकिन रूस, चीन ने अपनी गलतियों, कमियों को समझते हुए उत्पाद सुधारे हैं, वही भारतीय कंपनी का सपाट जवाब है कि, हमारा उत्पादन समग्र रूप से विश्वसनीय है, और जो हुआ है वह अपवाद है! ध्यान रहे तेजस प्रोजेक्ट चालीस साल पुराना है। रूसी मिग 21 की जगह इसके वायु सेना में बेड़े बनने थे। लेकिन हकीकत है कि प्रोजेक्ट कायदे से सिरे ही नहीं चढ़ा। तभी भारतीय वायु सेना में अब सिर्फ 29 स्क्वाड्रन रह गई है, जबकि 42 स्क्वाड्रन की संख्या होनी ही चाहिए। लेकिन विमान हैं ही नहीं। रक्षा मंत्रालय ने तेजस एमके-1ए के 180 विमानों का ऑर्डर दिया हुआ है। पर विदेशी जीई इंजन की सप्लाई में देरी, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के नौकरशाही ढर्रे और तकनीकी बाधाओं का न कांग्रेस सरकारों के समय समाधान निकला और न मोदी सरकार में है। जबकि चीन और पाकिस्तान (चीन की सप्लाई से) के वायु बेड़ों में कमी नहीं है। दरअसल भारत की सैन्य तैयारियों में न तो समय पर काम होता है और न कोई पारदर्शिता व जवाबदेही है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, डीआरडीओ हो या रक्षा मंत्रालय की खरीद के फैसले, प्रोजेक्ट लटके रहते हैं। दुबई शो में क्रैश के गंभीर मायने इसलिए हैं क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर के बाद बने वैश्विक नैरेटिव, डोनाल्ड ट्रंप के विमानों के गिरने वाले बयानों के सिलसिले में तेजस का क्रैश सैन्य साख का भी क्रैश है। सोचें, तेजस क्रैश के बाद इज़राइली अखबार ने यह बताया है कि तेजस को खरीदने में आर्मेनिया की दिलचस्पी थी पर अब वह खत्म है। उधर वैश्विक सामरिक मीडिया में चीन और पाकिस्तान जेएफ-17 (चीन निर्मित) लड़ाकू विमान के युद्ध में परखे हुए होने की चर्चा है। दुबई के एयर शो में तेजस का प्रदर्शन खाड़ी के देशों, अफ्रीकी, लातिनी अमेरिकी देशों व मलेशिया आदि को लुभाने या ग्राहक तलाशने के लिए था। पर कोई देश तब खरीदता है जब विक्रेता से सुरक्षा, विश्वसनीयता, आफ्टर सेल सपोर्ट का भरोसा हो और क्रैश इतिहास लगभग शून्य हो। तभी तेजस, यानी भारत के सबसे पुराने स्वदेशी लड़ाकू विमान को लेकर अब दुनिया की राय अहम हो गई है। हिंदुस्तान एयरोस्पेस का पुराना रिकॉर्ड खुलता हुआ होगा। जैसे इक्वाडोर को बेचे गए हेलीकॉप्टर ध्रुव का सौदा। ध्यान रहे, सन् 2008-2009 में हिंदुस्तान एयरोस्पेस ने इक्वाडोर को सात ध्रुव एएलएच बेचे थे। उनमें चार हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुए। इक्वाडोर ने तब कहा था, कि दो दुर्घटनाएं यांत्रिक खराबी से हुई हैं, जबकि हिंदुस्तान एयरोस्पेस का कहना था कि दुर्घटना मानव त्रुटि और खराब रखरखाव के कारण थी। सो, इक्वाडोर ने अनुबंध समाप्त किया और भारत का पहला बड़ा निर्यात कार्यक्रम ठप्प। क्या वही आगे नहीं होगा?

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में कर्नाटक के बीजेपी सांसदों, जिसमें बीजेपी सांसद तेजस्वी सूर्या भी शामिल थे, के साथ राज्य के विकास परियोजनाओं पर चर्चा करने के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की।



शिमला में सम्मान समारोह में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, हिमाचल प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) सांसद अनुराग ठाकुर, हिमाचल प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष राजीव बिंदल और अन्य लोग मौजूद थे।



तिरुवनंतपुरम में बीजेपी मुख्यालय में तिरुवनंतपुरम कॉर्पोरेशन चुनावों में पार्टी की जीत के बाद केरल बीजेपी अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाया।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में संगठन पर्व के दौरान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के नॉमिनेशन सेरेमनी में हिस्सा लिया।



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी नागपुर के विधान भवन में महाराष्ट्र विधान परिषद के शताब्दी समारोह के अवसर पर एक स्मारक ग्रंथ के प्रकाशन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे।



केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने शिमला में एयरपोर्ट रोड पर डीएवी स्कूल के पास, मझठाई में नए बीजेपी राज्य कार्यालय भवन का भूमि पूजन किया और आधारशिला रखी।



नई दिल्ली में संसद परिसर में 2001 के संसद हमले में जान गंवाने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि देते समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य केंद्रीय मंत्री।

# घने कोहरे ने रोकी दिल्ली एयरपोर्ट पर उड़ानें

## कम दृश्यता से 220 फ्लाइट्स घंटों लेट, परेशान रहे पैसेंजर्स



**नईदिल्ली, 14 दिसम्बर [एजेंसी]।**

राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार सुबह घने स्मॉग (कोहरा) और बेहद कम दृश्यता का सीधा असर हवाई परिचालन पर पड़ा। विमान ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटरडार24 के अनुसार 13 दिसंबर को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (आईजीआई)से संचालित होने वाली करीब 220 उड़ानें अपने निर्धारित समय से विलंब से रवाना हुईं। इसके अलावा करीब 115 आगमन उड़ानें भी अपने निर्धारित समय से दिल्ली पहुंचीं, जिससे यात्रियों को खासी परेशानी परेशानी का सामना करना पड़ा। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार देर रात से ही घना कोहरा छाने लगा था, जो सुबह छाया रहा, जिससे दृश्यता में भारी गिरावट दर्ज की गई, जिसके चलते लो-विजिबिलिटी प्रोसीजर लागू करनी पड़ी।

इस कारण टेक-ऑफ और लैंडिंग के बीच समयांतराल बढ़ाया गया, जिससे उड़ानों में औसतन 45 मिनट से लेकर दो घंटे तक की देरी हुई। इसमें औसतन प्रस्थान उड़ानों की औसतन देरी लगभग 54 थी वहीं आगमन उड़ानों की औसतन देरी 17 मिनट दर्ज की गई है। दिल्ली एयरपोर्ट प्रशासन और एयरलाइंस की ओर से यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे एयरपोर्ट जाने से पहले अपनी उड़ान की अद्यतन स्थिति अवश्य जांच लें, क्योंकि मौसम की परिस्थितियों के अनुसार उड़ानों के संचालन में बदलाव संभव है।

# बांग्लादेश में चुनाव से पहले भड़की हिंसा नकेल कसने के लिए ऑपरेशन डेविल हंट-2



**ढाका, 14 दिसम्बर [एजेंसी]।**

बांग्लादेश में मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने अगले वर्ष फरवरी में होने वाले चुनावों से पहले नए सिरे से भड़की हिंसा को रोकने की आवश्यकता का हवाला देते हुए देश भर में ऑपरेशन डेविल हंट का दूसरा चरण शुरू करने का निर्णय लिया है।हाल ही में इंकलाब मंच के नेता शरीफ उस्मान हादी पर गोली चलाकर उनकी हत्या करने की कोशिश के बाद अवैध हथियारों के इस्तेमाल से होने वाली विध्वंसक गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से अंतरिम सरकार ने शनिवार को देशव्यापी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने का आदेश दिया।

ढाका में पत्रकारों को संबोधित करते हुए अंतरिम सरकार के गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी ने कानून-व्यवस्था की स्थिति पर हुई कोर कमेटी की बैठक के बाद इस निर्णय की घोषणा की। यह बैठक शरीफ उस्मान हादी पर प्रचार के दौरान फायरिंग के एक दिन बाद आयोजित की गई थी।स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, उनकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) जहांगीर आलम चौधरी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया, सरकार जन सुरक्षा सुनिश्चित करने और अवैध हथियारों के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए आपरेशन डेविल हंट का दूसरा चरण शुरू करने जा रही है। अंतरिम सरकार ने राजधानी के उत्तरी उपनगर में एक पूर्व मंत्री के निजी घर पर हुए हमले के विरोध में प्रदर्शनों के बाद इस साल फरवरी में पहली बार ऑपरेशन डेविल हंट शुरू किया था। इस अभियान में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अब प्रतिबंधित हो चुकी अवामी लीग के कथित समर्थकों को निशाना बनाया गया था। जहांगीर आलम चौधरी ने हादी को गोली मारने वाले संदिग्ध की सूचना देने वाले को 50 लाख टका के इनाम की घोषणा की है।

इस बीच, पुलिस ने संदिग्ध की तस्वीरें जारी कर उसकी पहचान फैसल करीम मसूद के रूप में की है। वह उन तीन मोटरसाइकिल सवार हमलावरों में से एक था, जिसने बिजोयनगर में हादी के सिर में करीब से गोली मारी थी। बिजोयनगर में युवा नेता हादी निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।

# बीजापुर के किशन कुमार ने हौसले से बनाई पहचान

## IED ब्लास्ट में खो दिया पैर फिर ओलंपिक में पहुंचकर रचा इतिहास

**नईदिल्ली, 14 दिसम्बर [एजेंसी]।**

जिले के छोटे से गांव छोटे तुमदार (भैरमगढ़) के 27 वर्षीय किशन कुमार हपका ने साबित कर दिया है कि सच्चा खिलाड़ी परिस्थितियों से नहीं, अपने हौसले से पहचाना जाता है। कभी डीआरजी का जाबाज जवान रहे किशन को वर्ष 18 जुलाई 2024 में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी विस्फोट की चपेट में आकर अपना एक पैर खोना पड़ा था। हादसा इतना बड़ा था कि कोई भी सामान्य इंसान हार मान ले, लेकिन किशन की सोच ने उनके लिए नया रास्ता तैयार कर दिया।उसने बस्तर ओलंपिक में तीरंदाजी खेल में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का फैसला किया। शरीर ने साथ छोड़ा, पर दिल में खेलने का जुनून और देश सेवा की भावना आज भी उतनी ही मजबूत है। यही जुनून उन्हें फिर से मैदान में ले आया। अपने साहस से लड़ते हुए किशन ने न सिर्फ खुद को संभाला, बल्कि बस्तर ओलंपिक के जिला स्तरीय खेलों में चयनित होकर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता तक पहुंचने का इतिहास रच दिया। किशन ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में पहला स्थान कर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया।हादसे के बाद एक समय ऐसा भी आया जब किशन ने उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन उनके भीतर का खिलाड़ी हार मानने को तैयार नहीं था। खेल के प्रति प्रेम और अंदर छिपी आग ने उन्हें दोबारा खड़ा कर दिया। किशन अपने कोच दुर्गेश प्रताप सिंह को अपना मार्गदर्शक और प्रेरणा का स्रोत मानते हैं। वे कहते हैं कोच दुर्गेश ने मुझे सिर्फ खेल नहीं सिखाया, बल्कि यह भरोसा भी दिलाया कि अपंगता शरीर की होती है, मन की नहीं।भैरमगढ़ ब्लाक के छोटे तुमनार जैसे दूरस्थ गांव से निकलकर किशन आज पूरे बस्तर के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। उनका संघर्ष हजारों युवाओं के लिए यह संदेश है कि मुश्किलें चाहे कितनी ही बड़ी हों, पर हौसला उससे हमेशा बड़ा होना चाहिए। किशन की यह उपलब्धि न सिर्फ उनके परिवार, बल्कि पूरे बीजापुर जिले के लिए गर्व का क्षण है।

# लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में दादाभाई नौरोजी की मनाई गई 200वीं जयंती, ड्रेन थ्योरी पर हुई चर्चा

**लंदन, 14 दिसम्बर [एजेंसी]।**



लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में दादाभाई नौरोजी की 200वीं जयंती के मौके पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।नौरोजी, जो भारतीय राजनीति के महान नेता थे, ब्रिटिश संसद में चुने जाने वाले पहले भारतीय थे। उनका जन्म 1825 में मुंबई में एक पारसी परिवार में हुआ था। कार्यक्रम का आयोजन ब्रिटिश सांसद लॉर्ड करण बिलिमोरिया ने किया, जिन्होंने नौरोजी के जीवन और योगदान को याद करते हुए कहा कि नौरोजी का जीवन कई भूमिकाओं में बंटा था। वह व्यापारी, शिक्षक और राजनीति में भी सक्रिय थे। भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराइस्वामी ने नौरोजी की विरासत पर विचार करते हुए पारसी समुदाय के योगदान की सराहना की।

उन्होंने कहा कि नौरोजी ने न केवल व्यापार और शिक्षा में बल्कि राजनीति में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। सर विंस केबल, पूर्व ब्रिटिश मंत्री ने नौरोजी की ड्रेन थ्योरी पर चर्चा की, जो ब्रिटिश साम्राज्य द्वारा भारत से धन के निर्यात को समझाने वाली पहली आर्थिक थ्योरी थी। इस कार्यक्रम में नौरोजी की जीवन यात्रा और उनके कार्यों पर आधारित एक प्रदर्शनी भी लगाई गई।

### आतंकियों के तीन ओवरग्राउंड वर्कर गिरफ्तार, आतंकी संगठन के पोस्टर और आपत्तिजनक सामाग्री बरामद

**श्रीनगर 14 दिसम्बर।** सुरक्षाबलों ने बेमिना में शनिवार को आतंकियों के तीन ओवरग्राउंड वर्करों को एक तलाशी अभियान के दौरान गिरफ्तार कर लिया। इन तीनों के पास से प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के पोस्टर व अन्य आपत्तिजनक साजो सामान मिला है। तीनों से देर रात गए इस खबर के लिखे जाने तक पूछताछ जारी थी। पुलिस ने तीन ओवरग्राउंड वर्करों की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि आज एक विशेषज्ञ सूचना के आधार पर बेमिना में घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया गया।इस अभियान के दौरान आतंकियों के तीन ओवरग्राउंड वर्करों को पकड़ा इनकी पहचान उवैस मुबारक इट्टू पुत्र मुबारक इट्टू निवासी पंडुशन शोपियां और हिलाल अहमद हज्जाम पुत्र अब्दुल रज्जाक हज्जाम व जावेद अहमद हज्जाम पुत्र मोहम्मद यूसुफ हज्जाम के रूप में हुई। हिलाल व जावेद दोनों ही जिला बडगाम में ब्रेनवार चाडूरा के रहने वाले हैं।

### देश की सुरक्षा की पहली दीवार, भारत-पाकिस्तान सीमा पर बीएसएफ जवानों से मिले CJI सूर्यकांत

**जयपुर।** भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवानों से मुलाकात की।उन्होंने सीमा पर तैनात महिला प्रहरियों का हौसला बढ़ाते हुए उनके कार्य की सराहना की। बीएसएफ के जवानों को देश की ताकत बताते हुए कहा कि देश की सीमा सुरक्षित रखने में आपका बड़ा योगदान है। बीएसएफ देश की सुरक्षा की पहली दीवार है। बीएसएफ के जवान जिस अनुशासन, ईमानदारी और जिम्मेदारी से ड्यूटी निभाते हैं उस पर पूरे देश को गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर में जिस तरह से बीएसएफ के जवानों ने ड्यूटी निभाई उस पर देश को गर्व है। मुख्य न्यायाधीश ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट स्थित तनोट माता मंदिर में भी पूजा-अर्चना की और विजय स्तंभ पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बीएसएफ के जोधपुर स्थित सीमांत मुख्यालय के महानिरीक्षक एम.एल.गर्ग एवं जैसलमेर उत्तर क्षेत्र के उप महानिरीक्षक जतिंदर सिंह बिन्जी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# भारत ने अमेरिका को पछाड़ा, बनाया सबसे अधिक पोस्टर प्रदर्शित करने का गिनीज विश्व रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, 14 दिसम्बर [एजेंसी]।**



भारत ने सबसे अधिक पोस्टर प्रदर्शित करने का गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया है। सबसे अधिक पोस्टर प्रदर्शित करने की श्रेणी में नया विश्व रिकार्ड पुणे में बनाया गया।गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स के निर्णायक स्वप्निल डांगरीकर ने कहा, भारत ने अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। आयोजकों ने बताया कि फर्ग्यूसन कॉलेज में आयोजित पुस्तक महोत्सव के दौरान जनजातीय शब्दों को दर्शाते हुए 1,678 पोस्टर प्रदर्शित कर यह रिकार्ड बनाया गया। इसके साथ ही फरवरी 2025 में अमेरिका में बना 1,365 पोस्टर का पिछ्ला रिकार्ड टूट गया। प्रमाण पत्र में उल्लेख किया गया है कि सबसे अधिक पोस्टर प्रदर्शन का विश्व रिकार्ड पुणे में 12 दिसंबर को पुस्तक महोत्सव, यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र ओपन यूनिवर्सिटी और आरआईएसई फाउंडेशन ने बनाया। आयोजकों ने कहा कि यह रिकॉर्ड आदिवासी नेता एवं स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि है, जिनके जीवन और कार्यों पर महोत्सव में एक विशेष मंडप के माध्यम से उजागर किया जा रहा है। महोत्सव के संयोजक राजेश पांडे ने कहा, आदिवासी समाज और भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में बिरसा मुंडा के योगदान को याद करने के लिए समर्पित बिरसा मुंडा दीर्घा स्थापित की गई है। इस पहल के तहत आदिवासी शब्दावली वाले पोस्टर प्रदर्शित करके गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड बनाया गया।

# सूरत एयरपोर्ट पर पौने दो किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद



**अहमदाबाद, 14 दिसम्बर ।**

उत्पाद शुल्क विभाग और ईडी की टीमों ने हांगकांग से गुजरात लाए जा रहे पौने दो किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा को सूरत एयरपोर्ट पर बरामद किया है। जांच एजेंसियों को सूचना मिली थी कि हांगकांग से गुजरात में हाइड्रोपोनिक गांजा की तस्करी की जा रही है। एअर इंडिया एक्सप्रेस विमान से हाइड्रोपोनिक गांजा लाने की सूचना मिलते ही उत्पाद शुल्क व ईडी की टीमों ने सूरत एयरपोर्ट पर इस विमान के सभी यात्रियों को रोककर उनकी तलाशी ली। एक सूटकेश में गांजा के 24 पैकेट मिले। इसकी जांच करने पर पता चला कि हांगकांग से लाया गया यह हाइड्रोपोनिक गांजा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करोड़ों में है।

इस गांजा की खेती हाइड्रोपोनिक तकनीक का इस्तेमाल कर की जाती है। इसे उगाने के लिए पोषक तत्वों से भरपूर पानी का घोल बनाया जाता है और उसी का इस्तेमाल कर इसे उगाया जाता है। हाइड्रोपोनिक तकनीक से उगाए गए गांजे में सामान्य गांजे की तुलना में उच्च टेट्राहाइड्रोकैनाबिनोल स्तर होता है, जो इसे अधिक नशीला बनाता है। इस हाइड्रोपोनिक गांजे को सिगरेट में भरकर भी उपयोग किया जाता है।

# किंग एयरवेज केस में दिल्ली हाई कोर्ट की दो टूक-पायलट भी श्रम कानून के तहत कर्मचारी, सभी अपीलें कीं खारिज

**नईदिल्ली, 14 दिसम्बर [एजेंसी]।**



दिल्ली हाई कोर्ट ने किंग एयरवेज की सभी अपीलें खारिज करते हुए साफ शब्दों में कहा कि एयरलाइंस पायलट, चाहे वे पायलट-इन-कमांड ही क्यों न हों, औद्योगिक विवाद अधिनियम के तहत वर्कमैन (कर्मचारी) माने जाएंगे। अदालत ने कहा कि किसी कर्मचारी का ज्यादा वेतन, बड़ा पद या उड़ान के दौरान कमान संभालना, उसे श्रम कानूनों से बाहर नहीं करता।न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने यह फैसला किंग एयरवेज और उसके पूर्व पायलटों के बीच चल रहे मुकदमे में सुनाया। एयरलाइन ने पायलटों को बकाया वेतन और अन्य भुगतान देने के आदेश को चुनौती दी थी।कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति के कर्मचारी होने का फैसला उसके काम की असल प्रकृति से होता है। पायलट का मुख्य काम विमान उड़ाना है, जो एक तकनीकी और कौशल आधारित जिम्मेदारी है। भले ही उड़ान के दौरान पायलट-इन-कमांड को जिम्मेदार माना जाता है, लेकिन वह न तो दफ्तर के कामकाज में और न ही कर्मचारियों के प्रशासनिक मामलों में कोई प्रबंधकीय या पर्यवेक्षी भूमिका निभाता है।अदालत ने एयरलाइन की इस दलील को भी खारिज कर दिया कि पायलटों का ऊंचा वेतन या सीनियर कमांडर का पद उन्हें वर्कमैन की श्रेणी से बाहर कर देता है। कोर्ट ने कहा कि वेतन की सीमा तभी मायने रखती है, जब यह साबित हो कि कर्मचारी वास्तव में सुपरवाइजरी (पर्यवेक्षण) का कार्य करता है, जो इस मामले में साबित नहीं हुआ।हाई कोर्ट ने यह भी कहा कि विमानन नियमों में जिस निगरानी या नियंत्रण की बात होती है, वह केवल उड़ान की सुरक्षा से जुड़ी होती है। इसे श्रम कानूनों में बताए गए प्रबंधन या सुपरविजन के बराबर नहीं माना जा सकता।

बकाया वेतन के मामले में भी कोर्ट ने पायलटों के पक्ष में फैसला बरकरार रखा। अदालत ने माना कि पायलटों की नौकरी गलत तरीके से खत्म की गई थी। इसलिए उन्हें दोबारा सेवा में लेना, सेवा की निरंतरता देना और बकाया वेतन देना सही है।

### कैंसर से उबर रहे हैं ब्रिटेन के किंग चार्ल्स, शेयर किया गया वीडियो संदेश

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय ने कैंसर के खिलाफ अपनी लड़ाई में मिली एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साझा की, जिसके तहत अब उनके साप्ताहिक इलाज को कम किया जाएगा।यह सकारात्मक खबर उन्होंने लोगों से यह आग्रह करने के लिए साझा की कि वे बीमारी के शीघ्र निदान को सुनिश्चित करने के लिए नियमित स्क्रीनिंग कराएं। 77 वर्षीय किंग चार्ल्स ने शुक्रवार शाम को स्टैंड अप टू कैंसर अभियान के तहत कैंसर रिसर्च यूके चैरिटी और चैनल 4 टेलीविजन द्वारा चलाए गए एक दुर्लभ वीडियो संदेश में अपने स्वास्थ्य के बारे में बात की।उन्होंने कहा, यह उपलब्धि मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से एक आशीर्वाद है और यह कैंसर उपचार में हाल के वर्षों में हुई उल्लेखनीय प्रगति का प्रमाण भी है। मुझे उम्मीद है कि यह संदेश उन 50 प्रतिशत लोगों को प्रोत्साहित करेगा, जो जीवन में कभी न कभी इस बीमारी से जूझ सकते हैं। चार्ल्स ने कैंसर के अपने सफर के दौरान प्राप्त देखभाल समुदाय के योगदान को सराहा, जिसमें विशेषज्ञ, नर्स, शोधकर्ता और स्वयंसेवक शामिल हैं, जो मरीजों की जान बचाने और उनका जीवन सुधारने के लिए निरंतर मेहनत करते हैं।

# किले में बदल गया मामा का घर शिवराज चौहान को किससे है खतरा?



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक कड़ा कर दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय को मिली ताजा खुफिया जानकारी के बाद उनकी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है।सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी और कुछ राष्ट्रविरोधी तत्व शिवराज सिंह चौहान के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रहे थे, जिसके चलते सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े हो गए हैं। शुक्रवार देर रात और शनिवार सुबह से ही भोपाल स्थित उनके निजी आवास (बी-8, 74 बंगले) और दिल्ली स्थित सरकारी आवास के बाहर सुरक्षा बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक और मुख्य सचिव को अति-गोपनीय पत्र भेजा है। इसमें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि केंद्रीय मंत्री की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न हो। सूचना मिलने के तुरंत बाद भोपाल में उनके आवास के दोनों ओर की सड़कों पर नाकाबंदी सख्त कर दी गई है और आने-जाने वाले हर वाहन की सघन जांच शुरू हो गई है।कुछ कट्टरपंथी समूहों और विदेशी एजेंसियों की नजर में हैं।

दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा को भी उनके यात्रा मार्ग और कार्यक्रमों की अग्रिम सुरक्षा जांच के निर्देश दिए गए हैं।74 बंगले पर सन्नाटा और सख्ती शनिवार सुबह जब हमारी टीम ने 74 बंगले स्थित उनके आवास का जायजा लिया, तो वहां केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और मध्य प्रदेश पुलिस के जवानों की तैनाती सामान्य से दोगुनी नजर आई। बंगले के पास से गुजरने वाली आम सड़क पर भी आवाजाही को सीमित कर दिया गया है। बंगले में मुख्य द्वार से भी आवाजाही रोक दी गई है।

# इजरायल का दावा, गाजा में हमास के टॉप कमांडर को मार गिराया



**गाजा, 14 दिसम्बर [एजेंसी]।**

इजरायली सेना ने शनिवार को गाजा सिटी में एक कार को निशाना बनाया, जिसमें मीडिया रिपोर्ट के हवाले से दावा किया जा रहा है कि आतंकी संगठन हमास का वरिष्ठ कमांडर रईद सईद भी मारा गया। इजरायल के मुताबिक सात अक्टूबर, 2023 को इजरायल में हुए हमले के पीछे इसका भी हाथ था। हमले में 25 लोग घायल हुए हैं।गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, इजरायली सेना के हमले में चार लोग मारे गए। हालांकि, हमास की तरफ से वरिष्ठ कमांडर रईद सईद के बारे में स्पष्ट नहीं किया गया है। वहीं इजरायली सेना ने भी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं किया है कि हमले में सईद ही मारा गया है क्योंकि सेना ने नाम का खुलासा नहीं किया है। अगर हमले में रईद सईद को निशाना बनाया गया है तो अक्टूबर में लागू हुए युद्धविराम के बाद इसे सबसे बड़ा हत्याकांड माना जाएगा।इजरायल के मुताबिक सईद को हमास की हथियार मैन्युफैक्चरिंग फोर्स का प्रमुख माना जाता था।

वहीं हमास के सूत्रों के मुताबिक, सईद की हैसियत हमास की सशस्त्र विंग में दूसरे नंबर की थी। इस विंग की कमान इज एल्दीन अल हदाद के हाथों में है। इसके अलावा सईद के हाथों में हमास की गाजा सिटी बटालियन की कमान थी, जिसे समूह की सबसे बड़ी और हथियारों से लैस सर्वश्रेष्ठ बटालियन बताया जाता है।गौरतलब है कि सात अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजरायल में हमास के हमले में 1200 लोगों के मारे गए थे, जबकि 251 बंधक बना लिए गए थे। दो साल तक चली इजरायल की कार्रवाई में 70,700 फलस्तीनी नागरिक मारे गए थे। इस साल 10 अक्टूबर को दोनों पक्षों के बीच युद्धविराम हुआ था, लेकिन हिंसा पूरी तरह से बंद नहीं हुई। युद्धविराम के बाद इजरायल ने 386 फलस्तीनी नागरिकों को मार गिराया है। वहीं तीन इजरायली सैनिक भी मारे गए हैं। इजरायल ने दक्षिणी लेबनान के यानूह गांव को खाली करने का आदेश दिया है। आनेवाले दिनों में हिजबुल्लाह आतंकी समूह के खिलाफ इजरायल कार्रवाई शुरू करने जा रहा है। ये इजरायल का लेबनान में दूसरा बड़ा हमला साबित हो सकता है।

### यूट्यूबर सवुक्कू शंकर जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार

**चेन्नई 14 दिसम्बर।** यूट्यूबर सवुक्कू शंकर को चेन्नई में उनके घर से शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि एक फिल्म निर्माता द्वारा दायर किए गए जबरन वसूली और मारपीट के कथित मामले में शंकर की गिरफ्तारी हुई है। उनकी टीम के पांच अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दावा किया कि शनिवार सुबह जब जांच अधिकारियों ने शंकर के घर का दरवाजा खटखटाया तो उन्होंने दरवाजा खोलने से इन्कार कर दिया और कहा कि पुलिस अंदर आने से पहले उनके वकीलों से बात करे। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो में दो पुलिस अधिकारियों को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि यदि वकील उचित तरीके से जानकारी मांगेंगे तो वे वारंट दिखाने के लिए तैयार हैं। एक वीडियो में दिख रहा है कि उनके घर का दरवाजा तोड़कर पुलिस अंदर घुसी।गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले शंकर ने इंटरनेट मीडिया पर वीडियो जारी कर दावा किया किया कि पुलिस उन्हें झूठे मामले में गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है।

# भरतपुर में एंबुलेंस में ऑक्सीजन खत्म होने से एक दिन के बच्चे की मौत

## मदद की गुहार लगाने पर नहीं हुई सुनवाई

**जयपुर, 14 दिसम्बर [एजेंसी]।**



राजस्थान के भरतपुर से ऑक्सीजन सपोर्ट पर एंबुलेंस में जयपुर ले जाते समय एक दिन के नवजात बच्चे की मौत हो गई। मृतक नवजात के पिता का आरोप है कि जयपुर पहुंचने से पहले ही बस्सी के निकट एंबुलेंस में सिलिंडर की ऑक्सीजन खत्म हो गई। एंबुलेंस चालक रास्ते में ही पिता-पुत्र को छोड़कर फरार हो गया।मृतक बच्चे के पिता मुकेश का आरोप है कि वे निकट ही बस्सी पुलिस थाने में पहुंचे तो पुलिसकर्मियों ने भी कोई मदद नहीं की। मुकेश ने बताया कि उनके बेटे का जन्म 11 दिसंबर को भरतपुर जिले के सरकारी अस्पताल में हुआ था। बच्चे को सांस लेने में मुश्किल हो रही थी। ऐसे में बच्चे और प्रसूता को 12 दिसंबर को जयपुर के लिए रेफर किया गया। मुकेश सरकारी अस्पताल की एंबुलेंस से बच्चे को जयपुर लेकर जा रहे थे, यकायक एंबुलेंस में लगे सिलिंडर की ऑक्सीजन खत्म हो गई। रास्ते में एंबुलेंस को रोककर चालक ने उन्हें नीचे उतरने के लिए कहा, बोला कि सिलिंडर चेक करना है। मुकेश नवजात को गोद में लेकर एंबुलेंस से नीचे उतारे, इतने में एंबुलेंस चालक एंबुलेंस लेकर फरार हो गया। मुकेश पास ही स्थित पुलिस थाने पहुंचे, लेकिन पुलिसकर्मियों ने कोई मदद नहीं की। इसी बीच बच्चे की मौत हो गई। मुकेश मृत बच्चे के शव को गोद में लेकर बस से रात को वापस भरतपुर पहुंचे। मुकेश ने मामले में भरतपुर के मथुरा गेट पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाने की कोशिश की तो वहां के पुलिसकर्मियों ने घटनास्थल बस्सी में होना बताते हुए वहीं के पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाने की बात कही।

# कोरिया जिले का गौरवशाली इतिहास और अद्भुत प्राकृतिक धरोहर

**कृष्ण विभूति तिवारी**

कोरिया बैकुंठपुर । छत्तीसगढ़ के उत्तरी अंचल में स्थित कोरिया जिला अपनी ऐतिहासिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विविधता के लिए प्रसिद्ध रहा है। वर्तमान कोरिया एवं मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिला, अतीत में 17वीं शताब्दी के दौरान 'कोणया राज्य' के नाम से जाना जाता था। उस समय इस राज्य की राजधानी कोणया गढ़ नामक पहाड़ी पर स्थित थी, जो सुरक्षा और रणनीतिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता था।

अंग्रेजी शासन के दौरान जब स्थानीय नामों का अंग्रेजीकरण किया जाने लगा, तब 'कोणया' को अंग्रेज अधिकारियों द्वारा 'कोरिया' लिखना शुरू किया गया। इसी काल में चिरमी, धवलपुर नगर, सोनहत और बैकुंठपुर क्रमशः क्षेत्रीय प्रशासन की प्रमुख बैठकों और गतिविधियों के केंद्र बने। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद कोरिया, तत्कालीन सिरगुजा रियासत का हिस्सा होते हुए सरगुजा जिले में सम्मिलित कर दिया गया।

वर्ष 1998 में प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण, विस्तृत भू-भाग और बढ़ती जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए सरगुजा से अलग कर 'पश्चिम सरगुजा' नाम से एक नए जिले का निर्माण किया गया। उस समय मध्यप्रदेश राज्य के अंतर्गत स्थापित यह जिला बाद में छत्तीसगढ़ गठन के उपरांत 'कोरिया जिला' के रूप में जाना जाने लगा। इस जिले में प्रारंभ में पाँच विकासखंड—बैकुंठपुर, सोनहत, खड़गवां, मनेंद्रगढ़ और भरतपुर—शामिल थे।







समय के साथ प्रशासनिक सुविधा और स्थानीय जनसुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से कोरिया जिले का पुनर्गठन किया गया और मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) को अलग जिला का दर्जा प्रदान किया गया। वर्तमान में कोरिया और एमसीबी दोनों जिले प्राकृतिक संसाधनों, सांस्कृतिक विरासत और आर्थिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में उभर रहे हैं।

इन जिलों की अर्थव्यवस्था में वनोपज, कृषि और कोयला प्रमुख आय के स्रोत रहे हैं। घने वन, खनिज संपदा और उपजाऊ भूमि इस क्षेत्र को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाते हैं। कोरिया की प्राकृतिक सुंदरता कभी भी नैनीताल की पहाड़ियों से कम नहीं मानी जाती। ऊंचे-ऊंचे पर्वत, घने जंगल, जलप्रपात और प्राचीन धरोहरें इसे पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र बनाती हैं।

धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों की बात की जाए तो कोरिया और एमसीबी अंचल में मां चांग देवी, कंकाली देवी, गड़ा दाई, रामदैया माता, गागी रानी, दुर्गा धाम और महामाया की पवित्र स्थली महत्वपूर्ण हैं। साथ ही अनेक देव-स्थानों की प्राचीनता और जनमान्यता इन क्षेत्रों की सांस्कृतिक आस्था को और गहराई प्रदान करती है।

प्राकृतिक स्थलों में रामदाहा, चयूल, गौर घाट, अमृतधारा और रामधारा जलप्रपात दर्शनीय स्थलों की प्रमुख श्रेणी में आते हैं, जहाँ प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में पर्यटक और प्रकृति प्रेमी पहुंचते हैं। यह क्षेत्र रोमांचक पर्यटन, पारिवारिक भ्रमण और आध्यात्मिक शांति का एक अद्वितीय मिश्रण प्रदान करता है।कोरिया और एमसीबी की सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि इसे छत्तीसगढ़ के सबसे महत्वपूर्ण जिलों में शामिल करती है। यह क्षेत्र न केवल प्रकृति की गोद में बसे सौंदर्य का प्रतीक है, बल्कि हजारों वर्षों की सामाजिक-सांस्कृतिक प्रगति का जीता-जागता इतिहास भी है।

# केले से बनते हैं ये 5 बेहतरीन मीठे व्यंजन एक बार खाएंगे तो बार-बार बनाएंगे

केले पोषक तत्वों का भंडार माने जाते हैं, जिनका स्वाद भी सभी को पसंद आता है। इन्हें खान-पान का हिस्सा बनाने से ऊर्जा बढ़ती है, पाचन स्वास्थ्य दुरुस्त रहता है और ब्लड प्रेशर भी नियंत्रित रहता है। पोटैशियम जैसे तत्वों से समृद्ध केले को लोग ऐसे ही खाना पसंद करते हैं। हालांकि, इस फल से दुनियाभर में कई लजीज मीठे व्यंजन बनाए जाते हैं। आज के लेख में हम ऐसे ही 5 व्यंजनों की रेसिपी आपके साथ साझा करेंगे।

**केले की खीर**


खीर भारत की पारंपरिक मिठाई है, जिसमें केले का स्वाद मिलाने से वह और भी लजीज बन सकती है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरे में दूध गर्म करें। इसमें चावल डालकर अच्छी तरह पक जाने दें, फिर चीनी भी मिला दें। जब दूध थोड़ा गाढ़ा हो जाए तब उसमें इलायची पाउडर, केसर और मीसे हुए केले मिला दें। इसके बाद इसमें बारीक कटे हुए सूखे मेवे शामिल करें और गर्म या ठंडा परोसें।

**दालचीनी और केले का केक**

दालचीनी और केले का केक तैयार करने के लिए सबसे पहले ओवन को पहले से गर्म कर लें। अब एक कटोरे में मैदा, भूरी चीनी, बेकिंग पाउडर, दालचीनी पाउडर और बेकिंग सोडा मिलाएं। एक अन्य कटोरे में मीसे हुए केले, दूध, मक्खन और वेनिला का अर्क मिलाएं। अब गीले और सूखे मिश्रण को एक साथ धीरे-धीरे मिलाएं। केक टिन में मक्खन या बटर पेपर लगाएं और उसमें केक का बैटर डालें। उसे बेक करें और क्रीम डालकर परोसें।

**केले और ओट्स की कुकी**

अगर आप कोई पौष्टिक मीठा व्यंजन बनाना चाहते हैं तो ओट्स और केले की कुकी आजमाएं। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरे में मीसे हुए केले डालें और भुने हुए ओट्स मिला दें। इसके बाद इसमें एक चम्मच पीनट बटर या बादाम का मक्खन मिला दें। अब इसमें दालचीनी का पाउडर, बारीक कटे मेवे, सफेद तिल, गुड़ का पाउडर और डार्क चॉकलेट



मिला दें। बेकिंग ट्रे पर बटर पेपर बिछाएं, उसपर गोल-गोल मिश्रण डालें और ओवन में बेक करें।

**केले की ब्रेड**

अगर रसोई में रखे केले ज्यादा पक गए हैं तो उनसे केले की ब्रेड बना लें। इसके लिए सबसे पहले केलों को अच्छी तरह मीस लें। अब एक कटोरे में मैदा, बेकिंग सोडा, बेकिंग पाउडर, पिघला हुआ मक्खन, पिसी हुई भूरी चीनी और वेनिला का अर्क मिला दें। इसके बाद इसमें बारीक कटे अखरोट, किशमिश, बादाम और चॉकलेट चिप्स डालें। इसे 175 डिग्री सेल्सियस पर बेक करें और आइसक्रीम के साथ परोसें।

**केले के पैनकेक**

केले के पैनकेक नाश्ते में खाए जा सकते हैं। इन्हें बनाने के लिए केलों को अच्छी तरह मीस लें। इसके बाद एक कटोरे में बेकिंग सोडा, मैदा, दूध, पिसी चीनी, वेनिला का अर्क और दालचीनी शामिल करें। तवे पर मक्खन पिघलकर उसपर बैटर डालें और दोनों तरफ से पका लें। परोसते समय पैनकेक पर शहद, चॉकलेट सिरप और केले के टुकड़े डालना न भूलें। आप बाजार में मिलने वाले पैनकेक मिक्स में केले मिलाकर भी यह पकवान बना सकते हैं।

# डीपनेक शॉर्ट ड्रेस में मोनालिसा का ग्लैम अवतार, पूल किनारे कातिलाना अदाएं दिखा फैंस के उड़ाए होश!



भोजपुरी से टीवी तक अपनी पहचान बना चुकीं एक्ट्रेस मोनालिसा एक बार फिर सोशल मीडिया पर धमाल मचा रही हैं. उनकी लेटेस्ट तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जिनमें हसीना का बोल्ड और ग्लैमरस अवतार साफ नजर आ रहा है. पूल किनारे शॉर्ट ड्रेस में मोनालिसा का स्टाइलिश अंदाज लोगों को दीवाना बना रहा है.

मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें वे डीपनेक शॉर्ट प्रिंटेड ड्रेस पहने नजर आ रही हैं. पूल के किनारे पोज देती एक्ट्रेस का यह अंदाज फैंस को दीवाना बना रहा है. उनके बोल्ड एक्सप्रेशंस और कातिलाना अदाओं ने इंटरनेट का तापमान बढ़ा दिया है.

तस्वीरों में उनका लुक बेहद अट्रैक्टिव दिख रहा है. मोनालिसा का यह अवतार जितना स्टाइलिश है, उतना ही कॉन्फिडेंट भी, जिसे फैंस जमकर पसंद कर रहे हैं. एक्ट्रेस पूल किनारे नीले पानी के बीच नीले कपड़ों में बला की खूबसूरत नजर आ रहीं हैं.

एक्ट्रेस ने अपने ग्लैमरस लुक को काफी सहज और खूबसूरत तरीके से कैरी किया है. उन्होंने हल्का सेटल मेकअप किया है, बालों में दो चोटी बनाई हैं और स्टाइलिश सनग्लासेज पहन रखे हैं. गोल ईयररिंग्स उनके पूरे लुक को और भी परफेक्ट बना रहे हैं.

कैमरे के सामने पोज देते हुए मोनालिसा कभी मुस्कुराती दिखीं तो कभी चुलबुली अदा दिखाती नजर आईं. उनकी ये तस्वीरें देख फैंस तारीफों की झड़ी लगा रहे हैं. कई लोग उनकी फिटनेस और स्टाइल को लेकर भी कमेंट कर रहे हैं.

तस्वीरें शेयर करते हुए मोनालिसा ने एक खूबसूरत कैप्शन भी लिखा- जीवन सागर की तरह है... यह शांत भी हो सकता है और उबड़-खाबड़ भी... लेकिन अंत में यह हमेशा सुंदर होता है... उनकी इस सोच और तस्वीरों का कॉम्बिनेशन फैंस को खूब पसंद आ रहा है.

फिलहाल, मोनालिसा एक नए टीवी शो की शूटिंग में बिजी हैं, जिसमें उनके साथ मशहूर टीवी एक्टर हितेन तेजवानी नजर आने वाले हैं. यह जोड़ी स्क्रीन पर देखने के लिए फैंस पहले से ही एक्साइटेड हैं.

मोनालिसा की पॉपुलैरिटी लगातार बढ़ रही है. इंस्टाग्राम पर उनके 5 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, जो उनकी हर पोस्ट का बेसब्री से इंतजार करते हैं. उनकी लेटेस्ट वायरल तस्वीरें एक बार फिर साबित करती हैं कि मोनालिसा ग्लैमर और स्टाइल के मामले में हर बार कुछ नया और जबरदस्त लेकर आती हैं.

# मस्ती 4 को साइन करने में झिझक रही थीं एलनाज नोरौजी, कहा- इमेज पर गलत असर पड़ने का था डर

आज के दौर में फिल्मों और वेब सीरीज में बोल्ड कंटेंट को लेकर दर्शकों की राय पहले से कहीं ज्यादा बंटी हुई है। छोटे से छोटे सीन या



डायलॉग्स भी अक्सर बड़े विवाद का कारण बन जाते हैं। इसी माहौल में जब कोई कलाकार एडल्ट-कॉमेडी जैसी संवेदनशील शैली में कदम रखने का फैसला करता है, तो यह उनके लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जाता है। इसी तरह का अनुभव अभिनेत्री एलनाज नोरौजी ने भी किया। उन्होंने मस्ती 4 जैसी बोल्ड कॉमेडी फिल्म का हिस्सा बनने से पहले काफी सोच-विचार किया था। एलनाज नोरौजी ने कहा, मस्ती 4 में काम करने को लेकर मैं शुरू में काफी झिझक रही थी। आज के समय में दर्शक जिस तरह से बोल्ड कॉमेडी पर प्रतिक्रिया देते हैं, उससे कलाकारों पर ज्यादा दबाव बन जाता है। मुझे डर था कि कहीं मेरी छवि पर इसका गलत असर न पड़े। लेकिन, जैसे-जैसे फिल्म की कहानी पढ़ी, मेरा नजरिया बदलता गया।

उन्होंने कहा, इस बार की कहानी सिर्फ पहले वाली फिल्मों की तरह चुटकुलों और मजाक तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें कुछ नया, अलग और ज्यादा मनोरंजक जोड़ने की कोशिश की गई है। इस खासियत के चलते मैंने इस प्रोजेक्ट से जुड़ने का फैसला लिया।

उन्होंने कहा, इस फिल्म ने मुझे अपने अभिनय का एक अलग पहलू पर्दे पर दिखाने का मौका दिया। एक कलाकार के रूप में मैं हमेशा से चाहती हूं कि दर्शक मुझे केवल एक ही तरह के किरदारों में सीमित न देखें। इस फिल्म में बिंदिया का रोल मेरी एक्टिंग रेंज को सामने लाने का मौका था, और इसलिए मैंने इसे स्वीकार किया। मस्ती 4 एक एडल्ट-कॉमेडी फिल्म है, जिसे मिलाप मिलन जावेरी ने निर्देशित किया है। यह मशहूर मस्ती फिल्म सीरीज का चौथा भाग है। फिल्म में रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदासानी पहले की तरह लीड रोल में नजर आ रहे हैं। मस्ती 4 सिनेमाघरों पर 21 नवंबर को रिलीज हो चुकी है।



## 45 साल की नवाबों की बहू करीना कपूर से हुई छोटी सी गलती, फिर भी स्वैग देख लोग बोले - 'लेडी डॉन'

करीना कपूर खान अपने स्टाइल और कॉन्फिडेंस के लिए जानी जाती हैं। सैफ अली खान से शादी के बाद उनका रॉयल स्वैग और भी ज्यादा निखर कर सामने आया है। 45 साल की उम्र में भी करीना का फैशन सेंस किसी यंग एक्ट्रेस से कम नहीं है। हालांकि हाल ही में एक इवेंट के दौरान उनके लुक में एक छोटी सी कमी नजर आई, जिसने सबका ध्यान खींच लिया।

# सर्दियों की ठंड ने कर दिया चेहरा रूखा ये 5 नेचुरल पैक्स देंगे मुलायम स्किन

सर्दियां आते ही ठंडी हवाओं और घर की हीटिंग से त्वचा का नेचुरल ऑयल कम होने लगता है। नतीजा चेहरे पर रूखापन, डलनेस और



खिंचाव महसूस होना। ऐसे में केमिकल प्रोडक्ट की जगह घर पर बने नेचुरल फेस पैक्स आपकी स्किन को अंदर से हाइड्रेट कर सकते हैं। यहाँ जानिए 5 आसान और असरदार नेचुरल पैक्स, जो आपकी त्वचा को देंगे नेचुरल ग्लो और रेशमी मुलायमनेस।

1. **हल्दी-दही-शहद पेक**-1 चम्मच हल्दी, 1 चम्मच दही, 1 चम्मच शहद। हल्दी सूजन कम करे, स्किन को ब्राइट करे। दही- स्किन को मुलायम और कूलिंग देती है। शहद स्किन को गहराई से मॉइस्चराइज करता है।कैसे लगाएं- 15-20 मिनट लगाकर गुनगुने पानी से धो लें।

**ओटमील-शहद पेक**-2 चम्मच ओटमील, 1 चम्मच शहद, 1 चम्मच दही,जेंटल एक्सफोलिएशन, डेड स्किन हटाता है। शहद- त्वचा में नमी बरकरार रखता है।हफ्ते में 2-3 बार इस्तेमाल से स्किन बेहद सॉफ्ट रहती है।

3. **एवोकाडो-शहद पेक**- आधा पका एवोकाडो, 1 चम्मच शहद, थोड़ा नींबू रस (ऑप्शनल) विटामिन श्व से भरपूर, ड्राई स्किन को गहराई से पोषण देता है। 20 मिनट बाद धो लें।

4. **केला-शहद पेक**-आधा पका केला, 1 चम्मच शहद,केला स्किन को तुरंत हाइड्रेट करता है। शहद त्वचा को बेबी-सॉफ्ट बनाता है। ड्राई स्किन वालों के लिए ये पैक सबसे बेस्ट है।

5. **गुलाबजल-एलोवेरा पेक**-1 चम्मच एलोवेरा जेल,1 चम्मच गुलाबजल, थोड़ा नींबू रस (ऑप्शनल)त्वचा को कूलिंग, नमी और नेचुरल चमक देता है। स्किन टोन को भी सुधारता है। सर्दियों में स्किन के लिए जरूरी टिप्स रोज़ 7-8 गिलास पानी जरूर पिएं। चेहरे पर बार-बार गरम पानी न डालें। चेहरा हल्के हाथों से साफ करें। बाहर जाती बार स्किन को हवा और धूल से बचाएं

## शब्द सामर्थ्य -257

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**


1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 256 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# मैक्सी स्कर्ट को स्टाइल करने के लिए अपनाएं ये 5 आसान तरीके, हर लुक लगेगा बेहतरीन



मैक्सी स्कर्ट एक ऐसा कपड़ा है, जो किसी भी महिला की अलमारी में होना चाहिए। यह न केवल आरामदायक है, बल्कि स्टाइलिश भी दिखती है। इसे अलग-अलग तरीकों से पहना जा सकता है ताकि आप हर मौके पर बेहतरीन दिखें। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे सुझाव देंगे, जिनसे आप मैक्सी स्कर्ट को सही तरीके से स्टाइल कर सकती हैं और हर मौके पर आकर्षक दिख सकती हैं।

**रोजमर्रा के लुक के लिए टी-शर्ट के साथ पहनें**

रोजमर्रा के लुक के लिए आप अपनी मैक्सी स्कर्ट के साथ एक साधारण टी-शर्ट पहन सकती हैं। यह मेल न केवल आरामदायक है बल्कि देखने में भी अच्छा लगता है। आप अपनी पसंदीदा रंग की टी-शर्ट को मैक्सी स्कर्ट के साथ मिलाकर पहन सकती हैं। इसके साथ फ्लैट्स या आरामदायक जूते पहनें ताकि आपका लुक पूरी तरह से तैयार लगे।

**ऑफिस के लिए जैकेट के साथ जोड़ें**

ऑफिस जाने के लिए आप अपनी मैक्सी स्कर्ट के साथ एक जैकेट जोड़ सकती हैं। इससे आपका लुक पेशेवर और स्टाइलिश दोनों लगेगा। जैकेट का रंग आपकी स्कर्ट से मेल खाता हो तो यह बेहतर रहेगा। इसके साथ हील्स फुटवियर्स पहनें ताकि आपका लुक और भी खास लगे। इस तरह आप ऑफिस में भी आकर्षक दिख सकती हैं और आरामदायक महसूस कर सकती हैं।

**पार्टी के लिए क्रॉप टॉप चुनें**

पार्टी के मौके पर आप अपनी मैक्सी स्कर्ट के साथ एक क्रॉप टॉप पहन सकती हैं। यह मेल आपको आकर्षक और फैशनेबल दिखाएगा। टॉप का रंग और डिजाइन ऐसा हो जो आपकी स्कर्ट से मेल खाता हो ताकि आपका लुक पूरा हो सके। इसके साथ हील्स फुटवियर्स पहनें ताकि आपका लुक और भी खास लगे और आप पार्टी में सभी का ध्यान आकर्षित कर सकें।

त्योहारों पर पारंपरिक लुक के लिए कुर्ती चुनें

त्योहारों पर पारंपरिक अंदाज देने के लिए आप अपनी मैक्सी स्कर्ट के साथ एक कुर्ती पहन सकती हैं। इसमें आप जरी की कारीगरी वाली कुर्ती चुन सकती हैं, जो आपको शाही अंदाज देगी। इसके साथ एक्सेसरीज जैसे झुमके या चूड़ियां पहनें ताकि आपका लुक पूरा हो सके। इस तरह आप त्योहारों पर भी आरामदायक और आकर्षक दिख सकती हैं।

**वीकेंड गेटवे के लिए सरल टैंक टॉप का चयन करें**

वीकेंड गेटवे पर जाने के लिए सरल टैंक टॉप सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है। यह न केवल आरामदायक है बल्कि देखने में भी अच्छा लगता है। इसके साथ आरामदायक जूते या फ्लैट्स पहनें ताकि आपका लुक पूरी तरह से तैयार लगे। इन सभी तरीकों से आप अपनी मैक्सी स्कर्ट को अलग-अलग मौकों पर आसानी से स्टाइल कर सकती हैं और हर बार नई-नई दिख सकती हैं।

# गेस्ट हाउस संचालक के साथ मारपीट, मुख्य आरोपी गिरफ्तार, दर्जन भर लोगों ने दिया अंजाम

**जनकपुर।** एमसीबी जिले के जनकपुर नगर में संचालित शानवी गेस्ट हाउस में लगभग दर्जन भर लोगों ने जबरन घुसकर गेस्ट हाउस के संचालक के साथ गाली गलौज, धक्का मुक्की एवं मारपीट करने की घटना से नगर में सनसनी फैल गयी। वहीं गेस्ट हाउस के संचालक के रिपोर्ट पर पुलिस ने बीएनएस की पांच धाराओं के तहत मामला दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



पीड़ित युवक अंकुर प्रताप सिंह उर्फ गौरव सिंह ने बताया कि बीती रात्रि मध्य प्रदेश के रीवा जिले से अरुण मिश्रा अपने दर्जन भर साथियों के साथ 03 गाड़ी में मेरे शानवी गेस्ट हाउस में आए और जबरन अंदर घुसने की कोशिश करने लगे। मेरे द्वारा बताया गया कि गेस्ट हाउस में कमरा खाली नहीं है आप लोग गेस्ट हाउस से बाहर चले जाएं। इतने में अरुण मिश्रा सहित इनके साथ आए अन्य लोग भड़क गए और मेरे साथ गाली गलौज करते हुए धक्का मुक्की किए और मारपीट किए तथा जान से मारने की धमकी दिए। हालांकि इसी दौरान हल्ला गुल्ला सुनकर आस पास के स्थानीय लोग वहां पहुंच गए और बीच बचाव किए। देखते ही देखते गेस्ट हाउस में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों के पहुंच जाने से हमलावर आरोपी भागने लगे, लेकिन भाग रहे आरोपी हमलावरो में एक मुख्य आरोपी अरुण मिश्रा को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिए और पुलिस के मौके में पहुंचने पर उनको सौंप दिए। जनकपुर पुलिस ने मुख्य आरोपी अरुण मिश्रा को अपने कब्जे में लेकर गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। घटना के मामले में जनकपुर पुलिस ने शानवी गेस्ट हाउस के संचालक अंकुर प्रताप सिंह उर्फ गौरव सिंह के रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता बीएनएस 2023 की धारा 333, 296, 351(3), 115 (2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दिया है। वहीं घटना के सम्बन्ध में जनकपुर थाना प्रभारी ओम प्रकाश दुबे का कहना है कि मामला अत्यंत गंभीर है, फरार आरोपियों की पहचान कर उनकी पता साजी कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### कड़ाके की ठंड में मानवता की मिसाल

## नगर पालिका परिषद शिवपुर चरचा में कंबल वितरण से गरीबों को मिली राहत

**कोरिया बैकुंठपुर।** शिवपुर चर्चा नगर पालिका क्षेत्र में इन दिनों कड़ाके की ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। तापमान में भारी गिरावट के चलते सबसे अधिक परेशानी गरीब, बेसहारा और जरूरतमंद लोगों को झेलनी पड़ रही है। ऐसे कठिन समय में नगर पालिका परिषद शिवपुर चर्चा के पूर्व अध्यक्ष लालमुनी यादव, जिला कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष भूपेंद्र यादव, द्वारा किए जा रहे कंबल वितरण कार्यक्रम ने मानवीय संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी की एक सराहनीय मिसाल पेश की है।



ठंड से ठिठुरते गरीब और बेसहारा लोगों के लिए यह कंबल वितरण कार्यक्रम किसी संबल से कम नहीं है। नगर के विभिन्न इलाकों में जरूरतमंदों को चिन्हित कर उन्हें कंबल वितरित किए जा रहे हैं, ताकि वे इस भीषण ठंड में खुद को सुरक्षित रख सकें। सड़कों पर रहने वाले, वृद्ध, असहाय महिलाएं और कमजोर वर्ग के लोग इस पहल से विशेष रूप से लाभान्वित हो रहे हैं। कंबल पाकर लोगों के चेहरे पर जो राहत और संतोष देखने को मिला, वह इस सामाजिक कार्य की सार्थकता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। भूपेंद्र यादव ने इस अवसर पर कहा कि 'सेवा भाव ही हमारा स्वभाव है।' उन्होंने बताया कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। भूपेंद्र यादव ने कहा कि ठंड के मौसम में एक कंबल किसी गरीब व्यक्ति के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकता है। इसी भावना के साथ उनकी टीम लगातार जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर सहायता प्रदान कर रही है। विक्रांत सिंह सहित पूरी टीम ने भी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। टीम के सदस्यों ने न केवल कंबल वितरण किया, बल्कि जरूरतमंदों से संवाद कर उनकी समस्याओं को भी समझने का प्रयास किया। इस मानवीय पहल से नगर क्षेत्र में सकारात्मक संदेश गया है और आमजन के बीच सामाजिक सहयोग और सेवा भावना को बढ़ावा मिला है। नगर पालिका क्षेत्र शिवपुर चर्चा के स्थानीय लोगों ने भी इस कार्य की सराहना की है। उनका कहना है कि इस प्रकार के सामाजिक कार्य न केवल जरूरतमंदों को राहत पहुंचाते हैं, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे और संवेदनशीलता को भी मजबूत करते हैं। ठंड के इस कठिन दौर में जब कई लोग बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तब इस तरह का सहयोग उनके लिए बड़ी राहत बनकर सामने आया है। कुल मिलाकर, नगर पालिका परिषद शिवपुर चर्चा में पूर्व अध्यक्ष लालमुनी यादव, भूपेंद्र यादव, विक्रांत सिंह और भूपेंद्र यादव की टीम द्वारा किया जा रहा कंबल वितरण कार्यक्रम एक प्रेरणादायक पहल है। यह न केवल गरीब और बेसहारा लोगों को ठंड से बचाने में मदद कर रहा है, बल्कि पूरे नगरीय क्षेत्र में मानवता, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का मजबूत संदेश भी दे रहा है।

## मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा पर रवाना श्रद्धालुओं के लिए रेलवे स्टेशन पर आयुष स्वास्थ्य शिविर



**चरचा कालरी।** मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत कोरिया जिले से तीर्थ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए कलेक्टर कोरिया के निर्देशानुसार रेलवे स्टेशन परिसर में स्वास्थ्य जांच एवं काढ़ा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर आयुष पॉलीक्लिनिक कोरिया द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें यात्रियों की समुचित स्वास्थ्य जांच कर उन्हें सुरक्षित एवं स्वस्थ यात्रा के लिए मार्गदर्शन दिया गया।बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन में आयोजित शिविर के दौरान कुल 141 तीर्थयात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही सर्दी-खांसी, बुखार सहित मौसमी संक्रमणों से बचाव हेतु रोग-प्रतिरोधक आयुष काढ़े का वितरण किया गया, जिसे तीर्थ यात्रियों के अतिरिक्त उपस्थित उनके परिजन व यात्रियों ने अपेक्षा से अधिक संख्या में लाभकारी बताते हुए सेवन किया। इस दौरान आयुर्वेदिक दवाइयां भी निशुल्क दी गई। स्वास्थ्य शिविर में प्रभारी आयुष चिकित्सक डॉ. पुष्पा सिंह, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. करिश्मा एक्का, डॉ प्रमोद सिंह आयुष चिकित्सक डॉ. सौरभ सिंह सहित फार्मासिस्ट एवं सहायक स्टाफ—कामदेव, डागेश्वर, युवराज सिन्हा, पूर्ण चंद नाहक वार्डबॉय तथा रामजीत औषधालय सेवक ने सक्रिय भूमिका निभाई। संपूर्ण आयोजन जिला आयुष अधिकारी डॉ. अलविना ग्रेस टोप्पो के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।तीर्थयात्रियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कोरिया जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यात्रा से पूर्व मिली यह निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा और आयुष काढ़ा न केवल स्वास्थ्यवर्धक है, बल्कि यात्रा को अधिक सुरक्षित और सुखद बनाता है। आयुष पब्लिक क्लिनिक के माध्यम से मिल रहे ऐसे जनहितकारी प्रयास आमजन तक सुलभ, प्रभावी और प्राकृतिक स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण सिद्ध हो रहे हैं।

### विश्वव्यापी स्वास्थ्य कवरेज दिवस और विधिक जागरूकता कार्यक्रम का किया गया सफल आयोजन

**सूरजपुर।** विश्वव्यापी स्वास्थ्य कवरेज दिवस स्वास्थ्य और न्याय के समन्वय के रूप में मनाते हुए, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला चिकित्सालय सूरजपुर में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और व्यापक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का सफ्ल आयोजन किया गया। उक्त कार्यकम जिला चिकित्सालय के अतिरिक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामानुजनगर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रेमनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रतापपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अजबनगर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिहारपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैयाथान, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रमकोला एवं ग्राम पंचायतों में वृहद रूप से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं चिकित्सा संबंधी राज्य शासन की ओर से संचालित योजनाओं और उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाना तथा न्याय तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी देना था। कार्यक्रम में अध्यक्ष / प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विनीता वार्नर के सक्रिय मार्गदर्शन एवं पायल टोपनो सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सूरजपुर के दिशा-निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

# डॉ. महंत के जन्मदिन पर जायसवाल ने बांटे कंबल

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के जन्मदिन के अवसर पर जिले में सेवा और सामाजिक सरोकार का अनुकरणीय उदाहरण देखने को मिला। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल के नेतृत्व में जरूरतमंद और असहाय लोगों को कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों का संदेश दिया गया। अशोक जायसवाल द्वारा यह कंबल वितरण कार्यक्रम बैकुंठपुर शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बाल आश्रम तलवापारा, रिक्शा स्टैंड बैकुंठपुर तथा विधवा आश्रम धवराटिकरा में जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किए गए। ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए यह पहल विशेष रूप से सराहनीय रही, जिससे गरीब, निराश्रित एवं असहाय लोगों को राहत मिली। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ दिखाई दिया। इस अवसर पर अशोक जायसवाल ने कहा कि डॉ. चरणदास महंत न केवल प्रदेश के वरिष्ठ राजनेता हैं, बल्कि वे सामाजिक न्याय, गरीबों और वंचितों की आवाज़ को



मजबूती से उठाने वाले नेता हैं। उनके जन्मदिन पर सेवा कार्य करना उनके विचारों और आदर्शों को सम्मान देने का एक छोटा सा प्रयास है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्य लगातार किए जाएंगे। कंबल वितरण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए इंदिरा पार्क बैकुंठपुर में पौधारोपण भी किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित जनों ने पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प को दोहराया। अशोक जायसवाल ने कहा कि सामाजिक सेवा के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा भी हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, बृजवासी तिवारी, नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह, सांसद प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, पार्षद अंकित गुप्ता, सोहन स्वामी, लाल दास महंत, दिवाकर भाई सहित कांग्रेस पार्टी के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर जरूरतमंदों की सहायता की और डॉ. चरणदास महंत के दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को एक-दूसरे की मदद के लिए प्रेरित करते हैं। डॉ. चरणदास महंत के जन्मदिन के अवसर पर किया गया यह सेवा कार्य निश्चित रूप से समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा।

### गर्भवती महिला को दी चिकित्सा सहायता

**बीजापुर।** तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गोटुपल्ली की निवासी कुंजाम उर्रे, पति कुंजाम सुकलू, उम्र लगभग 23 वर्ष जो लगभग 6 माह की गर्भावस्था के दौरान तेज पेट दर्द एवं गंभीर अवस्था होने की सूचना प्राप्त हुई। सीआरपीएफ जवानों ने सूचना मिलने पर पीड़िता को चिकित्सा सुविधा दिलाई।

## फरार मास्टरमाइंड केबल चोर चरचा पुलिस की गिरफ्त में



**चरचा कालरी।** विगत दो महीने से फरार चल रहे चर्चा थाना क्षेत्र के मुख्य चोर मास्टरमाइंड सुमन उर्फ सुदेश पनिका को चर्चा पुलिस ने पकड़ने में सफलता प्राप्त की विदित हो कि सुमन उर्फ सुदेश पनिका के विरुद्ध चर्चा थाने में लगभग 7 मामले दर्ज है जिनमें पांच मामले चोरी के हैं वह दो अन्य है इस मास्टरमाइंड चोर को पकड़ने में प्रमोद कुमार पांडे थाना प्रभारी चर्चा, बालकृष्ण राजवाड़े उपनिरीक्षक बालेश्वर महानदी उपनिरीक्षक, सतीश सिंह, सागर लाल केवट, साकेत मरकाम की विशेष भूमिका रही दिनांक 14 अक्टूबर 2025 को मास्टरमाइंड चोर सुमन उर्फ सुदेश के साथ कई अन्य चोर गिरोह के सदस्यों ने चर्चा खदान से लाखों की लागत के लगभग 450 सौ मीटर लंबे बिजली केवल की चोरी, वहां कार्य कर रहे हैं कर्मचारियों को बंधक बनाकर की थी चोरी में उसके साथ उसके मोहल्ले का मोहित बसोर अयोध्या बसोर पुरुषोत्तम उर्फ रोलर,समीर बसोर रामकुमार बसोर कबीर बसीर शमशेर बसीर सुनील पनिका, सुरेश पनिका मंगल उर्फ गोलू तथा नितेश बसोर रवि कुमार अगरिया चोरी में शामिल थे इन लोगों ने केवल काटने के लिए टांगी , कटर ,आरी ,ब्लेड का उपयोग किया था और केवल को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर चोरी किए थे चोरी के दौरान इस पूरे गिरोह ने वहां कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी बंधक बना लिया था इस प्रकार इन आरोपियों ने चोरी के साथ डकैती की घटना को अंजाम दिया, मास्टरमाइंड चोर सुमन उर्फ सुदेश पनिका ने मेमोरेंडम कथन में बताया कि खदान से चोरी किया केवल तार को खदान से बाहर निकाल कर काली मंदिर के नाले के पास कुछ केवल तार को जलाए और कुछ को जमीन में छिपाकर रखे थे उसे चलकर बरामद करवाया।

### गौधाम समितियों की पहली बैठक में हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**कोरिया।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जिला एवं विकासखंड स्तरीय गौधाम समितियों की पहली बैठक में जिले भर से आए अध्यक्षों, सदस्यों और अधिकारियों ने महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक विमर्श किया। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने की।

## शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला पुलिस लाइंस में छात्र स्वास्थ्य परीक्षण एवं जन-जागरूकता शिविर का आयोजन

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला पुलिस लाइंस, बैकुंठपुर परिसर में छात्र-छात्राओं एवं आमजन के लिए एक व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण, जन-जागरूकता एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य शीत ऋतु में होने वाली विभिन्न बीमारियों की पहचान, उनके लक्षणों की जानकारी, बचाव के उपायों के साथ-साथ स्वच्छता, विशेषकर हस्त प्रक्षालन (हैंड वॉश) के महत्व और एनसीडी (गैर संचारी रोग) के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।



शिविर के दौरान विद्यार्थियों को ठंड के मौसम में होने वाले सामान्य रोग जैसे सर्दी-खांसी, जुकाम, बुखार, त्वचा रोग, श्वसन संबंधी समस्याएं एवं पाचन से जुड़ी बीमारियों के लक्षणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। चिकित्सकों ने बताया कि शीत ऋतु में शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने से संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है, ऐसे में संतुलित आहार, गर्म कपड़ों का उपयोग, स्वच्छता और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक है। स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए छात्रों को हस्त प्रक्षालन के सही तरीके सिखाए गए। चिकित्सकों ने बताया कि साबुन से नियमित हाथ धोना कई संक्रामक रोगों से बचाव का सबसे सरल और प्रभावी उपाय है। भोजन से पहले और शौच के बाद हाथ धोने की आदत अपनाकर अनेक बीमारियों को रोका जा सकता है। इसके साथ ही शिविर में एनसीडी रोगों जैसे मधुमेह (डायबिटीज), उच्च रक्तचाप, हृदय रोग एवं मोटापे के कारण, लक्षण और रोकथाम के उपायों पर भी जानकारी दी गई। बताया गया कि असंतुलित खानपान, शारीरिक निष्क्रियता और तनाव के कारण ये रोग तेजी से बढ़ रहे हैं, जिनसे बचाव के लिए नियमित व्यायाम, स्वस्थ जीवनशैली और समय-समय पर जांच जरूरी है। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 116 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें छात्र-छात्राओं के साथ-साथ विद्यालय स्टाफ एवं आसपास के नागरिक भी शामिल रहे। सभी रोगियों की जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार एवं दवाइयां निःशुल्क प्रदान की गईं। शिविर को सफल बनाने में आयुष विंग जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर एवं एनसीडी क्लीनिक जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर की टीम का विशेष योगदान रहा। शिविर में प्रमुख रूप से आयुष चिकित्सक डॉ. बी. आर. नायक, पंचकर्म सहायक श्रीमती मनीषा सिरमौर, फार्मासिस्ट कुमारी किरण तिर्की सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को सरल भाषा में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया। विद्यालय प्रबंधन एवं उपस्थित शिक्षकों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर छात्रों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। यह शिविर न केवल उपचार तक सीमित रहा, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण साबित हुआ।

### अटल डिजिटल सुविधा केंद्र बने सरल समाधान का ठिकाना-आवास हितग्राही से लेकर आम नागरिक तक पा रहे लाभ

**कोरिया।** ग्राम पंचायतों में अब नागरिकों की जरूरी सेवाएं घर के पास ही उपलब्ध हैं। प्रशासनिक प्रक्रियाओं में तेजी, दस्तावेजों की सहज प्राप्ति और योजनाओं का सीधा लाभ इन सभी को आसान बनाने में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ये केंद्र ग्रामीणों के लिए एक ऐसे समाधान स्थल के रूप में उभरे हैं, जहां एक ही छत के नीचे कई सेवाएं तुरंत और सुगमता से मिल रही हैं। विशेष रूप से आवास योजनाओं के हितग्राही, जो पहले बैंक या शहर जाने को मजबूर होते थे, अब अपनी योजना की राशि के आहरण के लिए सीधे इसी केंद्र पर पहुंच रहे हैं। इससे समय, श्रम और धन सबकी बचत हो रही है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत ग्राम पंचायतों में स्थापित अटल डिजिटल सुविधा केंद्र ग्रामीण नागरिकों को डिजिटल सेवाओं से जोड़ने का माध्यम हैं। इसके लिए ग्राम पंचायत और कॉमन सर्विस सेंटर के बीच एक आंतरिक समझौता किया गया है, जिसके अनुसार ग्राम स्तरीय उद्यमी सीएससी के मानकों के अनुरूप सभी सेवाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाते हैं। मिली जानकारी के अनुसार जिले में तीन चरणों में कुल 64 अटल डिजिटल सुविधा केंद्र संचालित किए जा रहे हैं 37 केंद्र बैकुंठपुर जनपद पंचायत में, 27 केंद्र सोनहत जनपद पंचायत में केंद्रों के संचालन के लिए आवश्यक भवन, बिजली, इंटरनेट आदि सुविधाएं ग्राम पंचायत द्वारा प्रदान की जा रही हैं, जिसके बाद वीएलई ग्रामीणों को सहज सेवा उपलब्ध कराते हैं। अटल डिजिटल सुविधा केंद्र ग्रामीणों के लिए सेवाओं की लंबी श्रृंखला उपलब्ध कराते हैं, जिनमें डीजी पेमेंट एवं कियोस्क बैंकिंग, पैन कार्ड सेवा, आय, निवास और जाति प्रमाण पत्र, ई-बैंकिंग व वित्तीय लेनदेन,पीएम किसान, आयुष्मान कार्ड, ई-श्रम कार्ड पंजीयन, मोबाइल व टीवी रीचार्ज सेवाएं, फार्मर रजिस्ट्रेशन, फसल बीमा, वीएलई द्वारा परीक्षा उत्तीर्ण कर बीमा सेवाओं का संचालन, खसरा, बी-वन और अन्य प्रमाण पत्रों की प्राप्ति, नकद जमा और आहरण सहित 25 से अधिक डिजिटल सेवाएं प्रमुख हैं।

### डिजिटल क्रांति से जोड़ते ये केंद्र न केवल ग्रामीणों की दैनिक जरूरतों का समाधान कर रहे हैं

**कोरिया।** कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-जलग्रहण विकास घटक 2.0 के अंतर्गत जल संरक्षण एवं भूमि संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु विकासखण्ड भरतपुर के ग्राम बेनीपुरा में आज वाटरशेड महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सभापति सुखवन्ती सिंह रहीं। वाटरशेड महोत्सव के दौरान जनजागरूकता रैली, श्रमदान, वृक्षारोपण तथा जल संरक्षण विषयक विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर पेंटिंग, कविता, नृत्य और नाटक के माध्यम से जल एवं भूमि संरक्षण के महत्व का प्रभावी संदेश दिया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि द्वारा कुल चार जलग्रहण विकास कार्यों का लोकार्पण तथा तीन विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में भूमि संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा सिंचाई रकबा में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है।अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सुखवंती सिंह ने जल एवं भूमि संरक्षण को जीवन और कृषि उत्पादन की आधारशिला बताते हुए ग्रामीणों से इन संसाधनों के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

## घने जंगलों में 3 किमी पीछा कर कलेक्टर ने पकड़ा अवैध धान

**बलरामपुर।** जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर राजेंद्र कटारा द्वारा अंतरराज्यीय सीमाओं पर सतत निगरानी एवं औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार देर रात विकासखंड रामचंद्रपुर अंतर्गत अंतरराज्यीय सीमा तालकेश्वरपुर के घने जंगलों में कलेक्टर कटारा ने लगभग 3 किलोमीटर तक पीछा कर अवैध धान परिवहन कर रहे दो पिकअप वाहनों को पकड़ा। जांच के दौरान दोनों वाहनों में लगभग 140 बोरी अवैध धान पाया गया। तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैध धान एवं दोनों पिकअप वाहनों को थाना प्रभारी सनवाल के सुपुर्द किया गया। इस कार्रवाई के दौरान तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित राजस्व विभाग की टीम उपस्थित रही। कलेक्टर कटारा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिले में धान खरीदी व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अवैध परिवहन एवं भंडारण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंतरराज्यीय सीमा क्षेत्रों में चौकसी बढ़ाई जाए तथा 24 घंटे सक्रिय निगरानी रखते हुए अवैध धान परिवहन पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि धान खरीदी व्यवस्था सुचारू, सुरक्षित एवं पारदर्शी बनी रहे। बताया गया कि कलेक्टर कटारा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं झारखंड से अवैध रूप से छत्तीसगढ़ में धान लाए जाने पर रोक लगाने के लिए पूर्णतः अलर्ट मोड में हैं। बीती रात उन्होंने स्वयं 300 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र का भ्रमण किया एवं करीब 20 किलोमीटर पैदल चलकर अवैध धान परिवहन की जांच की।

### कार्यालय है किंतु अधिकारी की पदस्थापना नहीं, कार्य हो रहे प्रभावित

**रामानुजगंज।** यहां के उपपंजीयक कार्यालय को स्थापित हुए लगभग 75 वर्ष से ज्यादा हो चुके हैं फिर भी ना तो कार्यालय का अपना भवन है और ना ही सम्बन्धित कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी। हालांकि आज के लगभग दस वर्ष पूर्व तक उपपंजीयक अधिकारी जरूर पदस्थ थे परंतु वर्तमान में तहसीलदार ही उक्त पद की शोभा बढ़ा रहे हैं। अविभाजित सरगुजा अंबिकापुर के बाद सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला उपपंजीयक कार्यालय रामानुजगंज है। इसे स्थापित हुए शहर में लगभग 75 वर्ष से ज्यादा ही हो चुके हैं परंतु आज तक कार्यालय का अपना भवन नहीं बन पाया है और ना ही उपपंजीयक स्टॉप की नियुक्ति हो पाई है।

### झंडा दिवस पर अमर सैनिकों को किया याद

**एमसीबी।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस के उपलक्ष्य में आज जिला मुख्यालय में भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वीर सैनिकों, शहीद परिवारों और अपंग सैनिकों के योगदान को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में रायपुर से विशेष रूप से पहुंचे लेफ्टिनेंट कर्नल जितेंद्र कुमार देवांगन ने कहा कि भारतीय सेना के जवान देश की सुरक्षा के लिए अपने जीवन का हर क्षण समर्पित कर देते हैं। वे अपने परिवार, जीवन की सुविधाओं और व्यक्तिगत आकांक्षाओं को पीछे छोड़कर सीमा पर तैनात रहते हैं, ताकि देश के नागरिक भयमुक्त जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि "सात दिवसीय झंडा दिवस" केवल एक आयोजन भर नहीं, बल्कि उन वीरों के शौर्य, त्याग और अदम्य साहस को याद करने का अवसर है, जिन्होंने युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया, घायल हुए या अपंग हो गए लेकिन देश सेवा के प्रति उनकी निष्ठा और राष्ट्रभक्ति कभी कम नहीं हुई। लेफ्टिनेंट कर्नल देवांगन ने बताया कि झंडा दिवस के दौरान नागरिकों और संस्थाओं द्वारा प्रदान की जाने वाली आर्थिक सहायता शहीद परिवारों, घायल सैनिकों, वीर नारियों और अपंग सैनिकों की सहायता के रूप में उपयोग की जाती है। यह सहयोग केवल आर्थिक नहीं होता, बल्कि समाज की ओर से उनके त्याग के प्रति सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि झंडा दिवस का यह छोटा-सा बैज हमें हर पल यह याद दिलाता है कि राष्ट्र की सुरक्षा में लगे जवानों के प्रति हमारा कर्तव्य क्या है।

# एसआईआरः अवधि बढ़ी, बीएलओ को लेने होंगे मृत्यु प्रमाण पत्र

### पंचनामा कराना भी हुआ अनिवार्य

**कोरबा।** स्पेशल इंसेंटिव रिवीजन यानी गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समाधि एक बार फिर से बढ़ा दी गई है। 18 दिसंबर तक इसके अंतर्गत कई नई जिम्मेदारियां पूछ लेवल ऑफिसर को पूरी करनी होगी। खास तौर पर मृत्यु हो चुके मतदाताओं और दूसरी जगह शिफ्टेड होने के मामले में संबंधित प्रमाण पत्र और पंचनामा की अनिवार्यता की गई है। ऐसी स्थिति में बूथ लेवल अधिकारियों को एक बार फिर से आसपास के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

भारत सरकार के निर्वाचन आयोग के द्वारा छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए स्पेशल इंसेंटिव रिवीजन कार्यक्रम की शुरुआत पिछले महीने की गई। अंतिम रूप से इसे 12 फरवरी तक पूरा करना था। अगली कड़ी में डाटा अपडेशन के साथ मतदाता सूची का प्रकाशन करने के प्रावधान थे। आवश्यक कारणों से निर्वाचन आयोग ने एक बार फिर से इंसेंटिव रिवीजन की समय अवधि को 18 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दिया है। लेकिन इस बड़ी हुई अवधि में पुराने काम के बजाय उन कार्यों को करना है जिनमे संबंधित पोलिंग बूथ के अंतर्गत मतदाताओं की मृत्यु हो गई है या फिर वे मौजूदा स्थान से हटकर कहीं और शिफ्ट हो चुके हैं।



जानकारी के अनुसार पिछले निर्देशों में कहा गया था कि अगर ऐसे मामले आते हैं तो संबंधित परिजनों या आसपास के लोगों से पूछताछ कर गणना प्रपत्र में स्थित वर्णित की जाए और उसे अपडेट किया जाए। इसी निर्देश के अंतर्गत कोरबा जिले में बूथ लेवल अधिकारियों ने संबंधित मामलों में इसी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। प्रक्रिया को एक सप्ताह के लिए और बढ़ाने के साथ अधिकारियों को एक नया काम दिया गया है। इसके अनुसार कहा गया है कि जो कार्य पिछले दिनों किया गया है वही काफी नहीं है। तकनीकी वजह से ऐसे मामलों को प्रमाणित भी करना है। इसलिए जिन प्रकरणों में संबंधित बूथ के अंतर्गत किसी मतदाता की मृत्यु हो चुकी है तो हर हाल में उसकी मृत्यु प्रमाण पत्र लिया जाए। परिवार और आसपास के लोगों से इसका पंचनामा कराया जाए। इसी प्रकार से जो मतदाता किसी दूसरे स्थान पर जा चुके हैं इस बारे में पुष्टि करने के लिए भी पंचनामा की प्रक्रिया को पूरा करना जरूरी है। फॉर्मेट के आधार पर बूथ लेवल अधिकारियों को गणना प्रपत्र में संबंधित प्रविष्टि करना है और फिर इसे अपडेट करना है। यह होने पर ही विभिन्न मामलों में स्थिति को प्रामाणिक माना जाएगा। आयोग की ओर से दी गई नई व्यवस्था के अंतर्गत एक बार फिर से विभिन्न प्रकरणों में जानकारी एकत्रित करने के लिए बूथ लेवल अधिकारियों को अब अपने आसपास चक्कर लगाने के साथ जानकारी लेनी पड़ रही है। उनका कहना है कि अगर स्पेशल इंसेंटिव रिवीजन की प्रक्रिया के शुरू होने से पहले जो निर्देश दिया गए थे, उसी में इस चीज को स्पष्ट कर दिया गया होता तो समय भी बचत और अनावश्यक परिश्रम भी नहीं करना पड़ता।

### शायद यह भी कारण

याद रहे कुछ स्थानों पर शुद्धिकृत की गई मतदाता सूची से विलोपित किए गए नाम के मामले में कई प्रकार के दावे किए जा रहे हैं। ऐसा कहा गया कि लोक अजीवित है और उनके नाम अन्य कारण से काट दिए गए। जिन लोगों ने केवल केंद्र बदला है और दूसरे राज्य स्थान की तरफ उनकी शिफ्टिंग नहीं हुई है, उनके मामले में भी नाम को काट दिया गया है। इसलिए हर तरह के विवाद से बचने के लिए निर्वाचन आयोग ने अब पूरे काम को प्रमाणिक बनाने के लिए यह सब करना जरूरी समझा है।



## दंतैल हाथियों ने फिर ढहाया मकान

**कोरबा।** पड़ोसी गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले से आये दंतैल हाथियों ने बीती रात पसान रेंज के तवरिहा गांव में उत्पात मचाते हुए जहां एक ग्रामीण के घर को ढहा दिया वहीं एक अन्य के परछी को छतिग्रस्त कर दिया है। हाथियों का आतंक क्षेत्र में लगातार बढ़ता जा रहा है। जानकारी के अनुसार तीन दंतैल हाथी इस महिने की 4 दिसंबर को मरवाही रेंज की सीमा को पार कर पहुंचे है। तब से लगातार क्षेत्र में उत्पात मचाकर ग्रामीणों तथा वन विभाग के नाकों में दम कर रखें है। हाथी प्रतिदिन किसी न किसी गांव में प्रवेश कर या तो घर को क्षतिग्रस्त कर दे रहें है, या खलिहान में रखे धान को चट कर रहे है। जिससे ग्रामीण बेहद परेशान है। उन्हें आर्थीक नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा सुरक्षा की गुहार लगातार लगाई जा रही है लेकिन न तो वन विभाग उन्हें राहत दे रहा है और न ही प्रशासन जिससे ग्रामीणों की दिक्कतें और भी बड़ती जा रही है। क्षेत्र में मौजूद उत्पाती हाथी ऐसे समय में ग्रामीणों के धान को नुकसान पहुंचा रहे है जब ग्रामीण उसे खेतों से काटकर खलिहान में ले आये है और उसे मिसाई कर धान खरीदी केंद्रों में बिक्री हेतु ले जाने की तैयारी में है। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा तवरिहा में दंतैल हाथियों के आने तथा घर तोड़े जाने की सूचना दिये जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आज सुबह मौके पर पहुंचे और हाथियों द्वारा रात में किये गये नुकसानी का आकंलन करने के साथ रिपोर्ट तैयार की जिसे अधिकारियों को सौंपा जायेगा। इससे पहले हाथियों ने तरईनार गांव में पहुंचकर कल दो ग्रामीणों के घर को निशाना बनाते हुए ढहा दिया था। इस घटना में मकान मालिक व उसके परिवार के सदस्य बाल-बाल बच गये थे।

## वॉलीबॉल टीम के लिए ट्रायल 15 को

**कोरबा।** स्टेट लेवल वॉलीबॉल चैम्पियनशिप के लिए कोरबा के (महिला एवं पुरुष) खिलाड़ियों का सिलेक्शन ट्रायल 15 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। एस ई सी एल मैदान में शाम 4 बजे से आयोजित ट्रायल में सीनियर कैटेगरी में खिलाड़ी शामिल होंगे। सभी खिलाड़ी प्रॉपर किट में आकर चयन स्पर्धा में शामिल हो सकते हैं। चयनित खिलाड़ी कोरबा जिले की टीम से स्टेट चैम्पियनशिप में उतरेंगे। जो 25 से 28 दिसंबर तक भिलाई में आयोजित है। जहां पर सीनियर छत्तीसगढ़ (महिला एवं पुरुष) वर्ग की वॉलीबॉल टीम का चयन किया जाएगा, जो 4 जनवरी से 11 जनवरी तक वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में आयोजित सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में भाग लेंगे।

## रामपुर में नशेड़ियों का जमावड़ा

**कोरबा।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र में स्थित रामपुर आईटीआई क्षेत्र में इन दिनों जगह-जगह नशेड़ियों का जमावड़ा बना रहता है। नशेड़ी शाम होते ही यहां पहुंचे है और मादक द्रव्यों का सेवन करते हैं। नशेड़ियों ने सामुदायिक भवन व तालाब को अपना अड्डा बनाया है। जहां पर खुलेआम उन्हें शराब, गांजा का सेवन करते हुए देखा जा सकता है। नशेड़ियों के जमावड़े के कारण सभ्य लोगों विशेषकर महिलाओं का आना-जाना मुश्किल हो रहा है। मांग की जा रही है पुलिस नशेड़ियों के खिलाफ कार्रवाई करें।

## बिजली कर्मचारी कल करेंगे प्रदर्शन

**कोरबा।** बिजली कर्मचारियों को बिजली बिल की दौर में 50 प्रतिशत की छुट मिल रहा है। लेकिन उसे बंद करने की तैयारी की जा रही है। सोलर पेनल के माध्यम से बिजली देने के बाद कही जा रही है। जिके विरोध में बिजली कर्मचारी कल पूरे प्रदेश में धरना प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपेगें। इसके लिए सभी क्षेत्रों में जोरदार तैयारी की जा रही है। ज्ञातव्य है कि अब तक बिजली कर्मचारियों को बिजली बिल के दौर में छूट मिला हुआ था। अब आवासों में सोलर पेनल के माध्यम से बिजली दिए जाने की बात कही जा रही है। बिजली बिल के दरों में बढ़ोत्तरी एवं सुविधाएं रोकने के कारण बिजली कर्मचारी आक्रोशित हो गए है। कल बिजली कर्मचारी संघ के राधेश्याम श्याम जायसवाल, अमर राठौर , अजय मिश्रा, सुनीता जायसवाल के नेतृत्व में कोरबा पश्चिम के विद्युत मंडल संयंत्र के सामने प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपेंगे जबकि कोरबा पूर्व में प्रदेश महामंत्री नवरत्न बरेठ के नेतृत्व में प्रदर्शन होगा। इसके अलावा अन्य मांगे जो लंबित है। उन मामलों को लेकर भी दबाव बनाया जाएगा।

## अजय बने जेसीसी सदस्य

**कोरबा।** एसकेएमएस दीपका एरिया के महामंत्री विनोद यादव ने युवा नेता अजय राठौर को दीपका एरिया एसकेएमएस का जेसीसी सदस्य बनाया है। मना जा रहा है कि अजय राठौर के आने से संगठन और मजबूत होगा । और 150 सदस्यों की बढ़ोत्ती हो सकती है। श्री राठौर हरदी बाजार क्षेत्र के रहने वाले है । और आसपास के गांव में अच्छी पकड़ है। श्री राठौर ने आते ही ग्रामीण क्षेत्रों की कमगारों से मुलाकात करने का कार्य शुरू कर दिया है। उनकी समस्याओं को लेकर एसकेएमएस काफी गंभीर दिखाई दे रहा है।

## 2025 की विदाई करीब, पुलिस का फोकस पेंडेंसी पर

### लंबित मामलों में कार्यवाही के साथ चालान करने पर काम तेज

**कोरबा।** अंग्रेजी कैलेंडर वर्ष 2025 की विदाई को 16 दिन बाकी रह गए। इस बात को ध्यान में रखते हुए कोरबा जिले में विभिन्न स्थानों और चौकी की पुलिस पेंडेंसी को शार्ट आउट करने में लगी है। लंबे समय से फरार चल रहे बदमाशों की गिरफ्तारी के साथ ही लंबित मामलों में चालान पुट अप किए जा रहे हैं।



पुलिस के लिए दिसंबर का महीना एक तरह से पुराने मामलों के हर हाल में निराकरण करने का माना गया है। सच यही होती है कि अपराध को नियंत्रित किया जाए और कम से काम अंतिम दौर में अपराधिक मामले ना हो तो बेहतर। ठंड के सीजन में दूसरे महीना की अपेक्षाकृत चुनौतियां ज्यादा होती हैं और काम के घंटे काम। मौसम के असर से दिन की अवधि कम होने की वजह से कामकाज के संपादन में मुश्किल तो होती है, काफी समय से प्रक्रियाधीन मामलों को लेकर भी पुलिस की चिंता रहती है कि किस तरह से निरस्कृत किया जाए। पिछले दिनों वरिष्ठ अधिकारी द्वारा ली गई क्राइम मीटिंग में पिछले अपराधों के बारे में फीडबैक लिया गया और इन मामलों में हुई प्रगति को भी जाना गया। क्राइम मीटिंग में निर्देश दिए गए थे कि सभी थाना और चौकी प्रभारी अपने-अपने स्तर पर लंबित मामलों को हल करें। अधिकतम मामले हाल हो जाते हैं तो अच्छी बात और अन्य स्थिति में प्रकरणों में परिणाम न मिलने पर इन्हें कोर्ट में पेश किया जाए। कोरबा जिले में कोतवाली, कटघोरा, बालको नगर , कुसमुंडा, दीपिका, सिविल लाइन , पाली, बांकीमोंगरा , उरगा जैसे बड़े थाने हैं। वही शहर और आसपास में स्थित पुलिस चौकी भी अपराधों की संख्या के मामले में काफी आगे हैं। इन सभी स्थानों की पुलिस पिछले कुछ दिनों से प्रकरणों को शार्ट आउट करने में लगी हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऐसा करना हमारे लिए इसलिए भी जरूरी है क्योंकि दिसंबर में हम डिपेंडेंसी के स्तर को जितना काम करेंगे, आने वाले वर्ष यानी 2026 में हमारे सामने चुनौतियां उतनी ही कम होगी।

### कार्रवाई के आश्वासन पर अनशन समाप्त

**कोरबा।** 16 वर्ष तक भारतीय सेवा में सर्विस देने वाले कारगिल योद्धा प्रेमचंद पांडे ने अनशन समाप्त कर दिया। ठेकेदार विनोद जैन के द्वारा धोखाधड़ी और नेशनल हाईवे में भ्रष्टाचार के मामले को लेकर वे अनशन कर रहे थे। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के परियोजना प्रशासक के द्वारा इस मामले में कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया जिसके बाद प्रेमचंद पांडे ने अपना प्रदर्शन समाप्त किया।



*कोरबा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में राम नाम लेखन महायज्ञ को लेकर युवा वर्ग सक्रिय है। राम नाम लेखन पुस्तिकाएं लोगों को वितरित की जा रही है। जिले में 3 अरब 33 करोड़ राम नाम लेखन के साथ पुस्तिकाएं अयोध्या भेजी जायेंगी।*

## गेवरा एरिया बना उप विजेता

**कोरबा।** एसईसीएल सुहागपुर में आयोजित अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता में सुहागपुर व गेवरा एरिया के मध्य फाइनल मैच खेला गया। जिसमें गेवरा एरिया उपविजेता का खिताब हासिल किया है। यहां के खिलाड़ियों को अधिकारियों एवं यूनियन प्रतिनिधि रेशम लाल यादव, गोपाल यादव, दीपक उपाध्याय, शेखचांद मंसूरी, छंद राम राठौर, एमपी सिंह, ग्रीस जायसवाल, ग्रीस शुक्ला ने बधाई दी है। गेवरा स्टेडियम में महिला सशक्ति करण को लेकर महिलाओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है। महिला समिति के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिकारी व यूनियन प्रतिनिधि विकास शुक्ला, मुकुल कर्ष, एलपी चन्द्रा, बीएल खुंटे , रामकृष्ण भी सहयोग कर रहे है। सुहागपुर में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता के अवसर पर एसईकेएमसी के केन्द्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह सहित सभी सदस्य मौजूद थे।

## गायत्री महायज्ञ का आयोजन शारदाविहार में, मातृशक्ति निकाल रही प्रभात फेरी

**कोरबा।** सप्त क्रांति और घर-घर गायत्री अभियान के अंतर्गत कोरबा नगर के शारदा विहार आवासीय परिसर स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन अगले सप्ताह से शुरू किया जा रहा है। जनसाधारण को इस बारे में जागरूक करने के लिए गायत्री परिवार की मातृ शक्ति ने प्रभात फेरी पर काम तेज किया। गायत्री परिवार की ओर से बताया गया कि प्रभात फेरी में काफी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति सुनिश्चित हो रही है। भजन कीर्तन के साथ गायत्री की महिमा और वंदनीय माता भगवती के योगदान पर इसमें संदेश दिया जा रहा है। बताया गया कि 3 दिन तक चलने वाले महायज्ञ में गायत्री मंत्र के साथ आहुतियां दी जाएगी। यज्ञ के धार्मिक और पर्यावरण व वैज्ञानिक दृष्टिकोण से लोगों को अवगत भी कराया जाएगा। जानकारी दी गई थी महायज्ञ के आयोजन को लेकर शुरुआती बैठक में कई प्रकार के दायित्व क्षेत्र के नागरिकों को दिए गए जिन्होंने हर स्तर पर अपना सहयोग इस अनुष्ठान को देना तय किया।

### चयन के आधार पर संभाग और राज्य में मिलेगा अवसर

## प्रतिभा सम्मान योजना की जिला स्तरीय परीक्षा में शामिल हुए 357 विद्यार्थी



**कोरबा।** प्रतिभा सम्मान योजना की जिला स्तरीय परीक्षा आज ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा स्थित एसएडीए शासकीय गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में संपन्न हुई। परीक्षा का आयोजन पीएसवाय एजुकेशन एण्ड रिसर्ज काउंसिल इंडिया की ओर से किया गया। इसे पीएसवाय नेशनल प्रिलिम्स एक्जामिनेशन 2025 का नाम दिया गया। विभिन्न सरकारी और निजी स्कूलों के 357 विद्यार्थी में शामिल हुए।

कक्षा तीन से 12वीं तक के पांच स्टैंडर्ड के अंतर्गत कुल पांच समूह बनाए गए जिसमें यह छात्र शामिल हुए। परीक्षा का आयोजन करने वाली संस्था को शिक्षा विभाग ने अनुमति दी। कोरबा जिले के लिए एकमात्र केंद्र नियत किया गया जहां पर आज सुबह परीक्षा हुई इसके लिए डेढ़ घंटे का समय निर्धारित हुआ। बच्चों को इस अवधि में 100 प्रश्नों को हल करना था। कक्षाओं के स्टैंडर्ड के हिसाब से प्रश्नों का सेटअप दिया गया। इसके आधार पर विद्यार्थियों का सामान्य ज्ञान का आकलन करना और उन्हें आगे बढांना था।

परीक्षा बेहतर माहौल में संपन्न कराई गई। विद्यालय के प्राचार्य रणधीर सिंह ने बताया कि जिला स्तर की इस परीक्षा से चयनित छात्रों को आगे संभाग और राज्य स्तर की परीक्षा में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। आयोजक संस्था ने हर स्तर के लिए प्रतिभाओं को पुरस्कृत करने का प्रावधान भी किया है।

# समझौता योग्य प्रकरणों का समाधान हुआ चार स्थानों पर

### विधिक सेवा प्राधिकरण ने वर्ष की अंतिम लोक अदालत लगाई

**कोरबा।** वर्ष 2025 की अंतिम नेशनल लोक अदालत कोरबा जिले के चार स्थानों पर आयोजित की गई। कोरबा जिला मुख्यालय के अलावा कटघोरा, पाली और करतला के न्यायालय परिसर में लोक अदालत लगाई गई। चार लाख मामले इस प्रक्रिया के लिए रजिस्टर किए गए थे। यहां पर समझौता योग्य प्रकरणों का निपटारा किया गया।



विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से यह आयोजन वर्ष 2025 का अंतिम था जिसके लिए सभी श्रेणी के सामान्य मामले यहां पर लगाए गए। भारतीय न्याय संहिता की धाराओं संबंधित सामान्य प्रकरणों के अलावा टेलीफोन, बिजली, बीमा, बैंक और विभिन्न क्षेत्र के चार लाख प्रकरण लोक अदालत के लिए रजिस्टर्ड किए गए। न्यायालय परिसर में अनेक खंडपीठ बनाई गई थी जहां पर दोनों पक्षों की बातें सुनी गई और मामलों का निराकरण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डिंपल ने बताया कि प्राथमिकता और प्रावधान के साथ ऐसे मामलों को निराश्रित करने की व्यवस्था की जाती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा जिला मुख्यालय कोरबा में लोक अदालत के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर के साथ विभिन्न योजनाओं के स्टाल लगाए गए। इसके माध्यम से लोगों को लाभान्वित किया गया। लोगों को ट्राई साइकिल और अन्य संसाधन उपलब्ध कराए गए। दुर्धराज से आने वाले लोगों के लिए भंडारा की व्यवस्था भी मौके पर की गई। यहां बताना जरूरी होगा कि नेशनल लोक अदालत सामान्य प्रकरण से लोगों को छुटकारा दिलाने और उनके दबाव समाप्त करने की मंशा से की जाती है। बताया गया कि नेशनल लोक अदालत में निराकृत होने वाले मामलों को भविष्य में किसी भी दूसरी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com